


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 245

ग्वालियर, बुधवार 25 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## मैं हिंदू हूं, जब मन करेगा बीफ खाऊंगा, आप पूछने वाले कौन : सिद्धारमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व सीएम और विपक्ष के नेता सिद्धारमैया ने बीफ पर प्रतिबंध पर बयान देकर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। तुमकुरु जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए



सिद्धारमैया ने कहा कि वह एक हिंदू हैं और उन्होंने अभी तक बीफ नहीं खाया है, लेकिन अगर वह चाहेंगे तो बीफ जरूर खाएंगे। अपने भाषण में पूर्व सीएम व कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने आरएसएस पर धर्मों के बीच अवरोध पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीफ खाने वाले सिर्फ एक समुदाय के नहीं हो सकते हैं। भाजपा पर निशाना साधते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि आप सवाल करने वाले कौन होते हैं, हिंदू भी बीफ खाते हैं और ईसाई समुदाय के लोग भी बीफ खाते हैं। आरएसएस पर निशाना साधते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि वे इंसानों में फर्क करते हैं। खाना मेरी आदत और मेरा अधिकार है, मैं जो चाहूं खा सकता हूं। सिद्धारमैया ने सवाल किया कि क्या सिर्फ मुसलमान ही बीफ खाते हैं? उल्लेखनीय है कि सन 2021 में भाजपा सरकार ने कर्नाटक में वध रोकथाम और मवेशी संरक्षण अधिनियम, 2020 को अधिनियमित किया। अब इस कानून के तहत सभी प्रकार के मवेशियों को खरीदना, बेचना, परिवहन करना यानी कि ढोना, वध करना और उनका व्यापार करना अवैध घोषित कर दिया गया है। इसमें गाय, बैल और भैंस शामिल हैं।

# पीएम मोदी ने लॉन्च की क्वॉड फेलोशिप, 100 बेस्ट छात्रों को मिलेगा लाभ

**टोक्यो।** जापान के पीएम फुमियो किशिदा की अगुआई में मंगलवार को टोक्यो में क्वॉड समिट 2022 का आयोजन किया गया। इस समिट में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने शिरकत की। क्वॉड समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जापान के पीएम फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने 'क्वॉड फेलोशिप' कार्यक्रम लॉन्च किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय छात्रों से क्वॉड फेलोशिप के लिए आवेदन करने की अपील की।




उन्होंने कहा मैं अपने छात्रों को 'क्वाड' फेलोशिप कार्यक्रम के लिए आवेदन करने और मानवता के बेहतर भविष्य का निर्माण करने वाले नवप्रवर्तकों की अगली पीढ़ी में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता हूं। समिट में कहा गया कि हर क्वॉड देश से 25 छात्रों यह लाभ दिया जाएगा, कुल 100 छात्रों को ये फेलोशिप दी जाएगी। इसके तहत अमेरिका में प्रमुख विश्वविद्यालयों में मास्टर्स और डॉक्टरेट की डिग्री हासिल करने के लिए हर साल 100 छात्रों को स्पॉन्सर किया जाएगा। क्वाड में पहली बार शिक्षा का विषय सामने आया है। क्वाड फेलोशिप कार्यक्रम के तहत गरीब देशों के 100 छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से एक दूसरे के देशों में अध्ययन करने में सक्षम करेगा। क्वॉड फेलोशिप प्रोग्राम अमेरिका में पढ़ाई करने के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) में 100 असाधारण अमेरिकी, जापानी, ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय मास्टर और डॉक्टरेट छात्रों को प्रायोजित करेगा। फेलोशिप विज्ञान और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों का एक नेटवर्क विकसित करेगी जो निजी, सार्वजनिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में, अपने स्वयं के देशों में और क्वाड देशों के बीच नवाचार और सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रत्येक क्वाड फेलो को 50,000 का एकमुश्त पुरस्कार मिलेगा। जिसका उपयोग ट्यूशन, शोध, फीस, किताबें, कमरे और संबंधित शैक्षणिक खर्चों (जैसे, पंजीकरण शुल्क, शोध-संबंधित यात्रा) के लिए किया जा सकता है।

## परस्पर सहयोग के अटूट विश्वास पर टिका है भारत और अमेरिका का रिश्ता : मोदी

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो में मंगलवार को क्वाड समिट का आयोजन किया गया। इस समिट के बाद भारत-अमेरिका ने द्वीपक्षीय मीटिंग की। मीटिंग से पहले जो बाइडन ने पीएम मोदी की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि मोदी ने कोरोना संकट को बहुत अच्छी तरह से संभाला, जबकि चीन महामारी से निपटने में पूरी तरह विफल रहा। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भारत और अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी सही मायने में एक विश्वास की साझेदारी है। उन्होंने कहा कि कई क्षेत्रों में हमारे समान हितों ने इस विश्वास के रिश्ते को मज़बूत किया है। हमारे बीच व्यापार और निवेश में भी लगातार विस्तार हो रहा है। हालांकि, यह हमारी ताक़त से बहुत कम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा मुझे विश्वास है कि हमारे बीच 'इंडिया-यूएसए इन्वेस्टमेंट इनसेंटिव एग्रीमेंट' से निवेश के क्षेत्र में बढ़त देखने को मिलेगी। बाइडन ने कहा 'दोनों देश मिलकर बहुत कुछ कर सकते हैं और करेंगे भी। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका-भारत की साझेदारी को और भी मजबूत बनाने के लिए संकल्पित हूं। बाइडन ने कहा पीएम मोदी की सफलता ने दुनिया को दिखाया है कि लोकतंत्र कितनी सफलता से काम कर सकता है, और उन्होंने इस मिथक का भंडाफोड़ कर दिया कि चीन और रूस जैसे निरंकुश शासन तेजी से बदलती दुनिया को बेहतर तरीके से संभाल सकते हैं, क्योंकि उनका नेतृत्व लंबी लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से गुजरे बिना निर्णय ले और लागू कर सकता है।

## कुतुब मीनार विवाद हिंदू पक्ष ने मांगा पूजा का अधिकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महरौली में स्थित कुतुब मीनार परिसर में 27 हिंदू और जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार के संबंध में दायर एक अपील पर साकेत कोर्ट में आज सुनवाई जारी है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि कुतुब मीनार परिसर में स्थित कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद मंदिर परिसर के स्थान पर बनाई गई थी। हिंदू पक्ष



के वकील हरि शंकर जैन ने कहा कि कुतुब मीनार को 27 हिन्दू और जैन मंदिरों को तोड़कर बनाया गया था। यहां आज भी कई हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां मौजूद हैं। इसे देखते हुए देखते हुए हिन्दुओं को कुतुब मीनार परिसर में पूजा करने की इजाजत दी जानी चाहिए। हिंदू पक्ष का यह भी दावा है यहां 1600 साल पुराना लोहे का स्तंभ और पूजा की वस्तु आज भी मौजूद हैं। इस स्तंभ पर संस्कृत में लिए गए श्लोक भी मौजूद हैं। हिंदू पक्ष के वकील हरि शंकर जैन और वकील रंजना अग्निहोत्री से यह मुकदमा दायर किया गया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि आपको क्या लगता है कि यह एक स्मारक है या पूजा स्थल? कौन सा कानूनी अधिकार आपको किसी स्मारक को पूजा स्थल में बदलने का अधिकार देता है कुतुब मीनार परिसर में मंदिरों के जीर्णोद्धार से संबंधित अपील के जवाब में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने भी साकेत कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया है। एएसआई ने याचिका का विरोध करते हुए कहा है कि कुतुब मीनार एक स्मारक है और इस तरह की संरचना पर कोई भी मौलिक अधिकार का दावा नहीं कर सकता है और इस जगह पर पूजा करने का कोई अधिकार नहीं दिया जा सकता है।



## पंजाब- सीएम मान का बड़ा फैसला, कमीशनखोरी के आरोप में स्वास्थ्य मंत्री को किया बर्खास्त

**चंडीगढ।** भ्रष्टाचार के खिलाफ सीधी कार्रवाई करने में पंजाब के सीएम भगवंत मान ने अपने नेता और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल को मात देते हुए बड़ा फैसला किया और अपनी कैबिनेट के स्वास्थ्य मंत्री को भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी के आरोप में बर्खास्त कर दिया। आपको याद होगा सीएम केजरीवाल के वो विज्ञापन जिसमें वो कहते नजर आते थे, कोई आपसे रिश्वत मांगे तो मना मत करना बल्कि उसे कैमरे में रिकॉर्ड कर लेना। दिल्ली की तर्ज पर पंजाब की नई नवेली भगवंत मान सरकार ने भी भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया। लेकिन अब भगवंत मान सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ही भ्रष्टाचार के आरोपों के घेरे में आ चुके हैं, जिसकी वजह से उन्हें अपने पद से भी हाथ धोना पड़ा है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बड़ा एक्शन लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को बर्खास्त कर दिया है। सिंगला पर अधिकारियों से कमीशन मांगने का आरोप लगा था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मान को स्वास्थ्य मंत्री के भ्रष्टाचार में लिप्त होने के पुख्ता सबूत मिले थे।

# हरियाणा में ट्रक और पिकअप की टक्कर में एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत, 17 घायल

### हरिद्वार से अस्थियां विसर्जित करके लौट रहा था परिवार

**जींद।** हरियाणा के जींद में ट्रक और पिकअप की भीषण भिड़त हो गई। इसमें पिकअप सवार छह लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 17 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मरने वाले सभी एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। सभी परिवार के मुखिया की मौत के बाद हरिद्वार से अस्थियां विसर्जित करके लौट रहे थे। जींद-चंडीगढ़ मार्ग पर गांव कंडेला के पास मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। ट्रक और पिकअप की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आवाज आसपास के गांव में भी सुनाई दी। सभी हिसार जिले के गांव नारनौंद के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

घायलों ने बताया कि हिसार जिले के गांव नारनौद निवासी प्यारे लाल की पिछले दिनों मौत हो गई थी। सोमवार को परिवार के लोग पिकअप गाड़ी लेकर अस्थियां विसर्जन करने के लिए हरिद्वार गए थे7 मंगलवार सुबह जब हरिद्वार से वापस नारायण लौट रहे थे तो गांव कंडेला के निकट जींद से कैथल की तरफ जा रहे ट्रक से पिकअप की सीधी टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा होने का पता चलते हैं



डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने 6 को मृत घोषित कर दिया जबकि 17 घायलों का नागरिक अस्पताल में इलाज चल रहा है। मृतकों के नाम इस प्रकार हैं 1- चंनो उम्र 45 साल पत्नी सुरेश 2- शीशपाल पुत्र प्यारेलाल उम्र 39 साल, 3- अंकुश उम्र 15 साल पुत्र वीरभान, 4- धन्ना उम्र 70 साल नारनौल, 5- एक अन्य जो कि इनके साथ रिश्तेदार बताया पंजाब से और 6- सुरजी देवी उम्र 65 साल पत्नी प्यारेलाल। सदर थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि की हादसा आमने-सामने की टक्कर में हुआ है। सभी घायलों को अस्पताल लाया गया है। चालक हादसे को अंजाम देकर ट्रक को मौके पर छोड़कर भाग गया है।

## खास खबर

### श्रीलंका में पेट्रोल 420 रुपये लीटर, डीजल 400 रुपये लीटर

**कोलंबो।** आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे श्रीलंका ने पेट्रोल की कीमतों में 24.3 प्रतिशत और डीजल की कीमतों में 38.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। श्रीलंका विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के कारण भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, इसकारण यह बढ़ोतरी की गई। पड़ोसी देश में 19 अप्रैल के बाद ईंधन कीमतों में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इसके साथ ही सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाले ऑक्टेन 92 पेट्रोल की कीमत 420 रुपये (1.17 डॉलर) प्रति लीटर और डीजल की कीमत 400 रुपये (1.11 डॉलर) प्रति लीटर होगी, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। भारत की प्रमुख तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की श्रीलंकाई सहायक कंपनी लंका आईओसी ने भी ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि की है। एलआईओसी के सीईओ मनोज गुप्ता ने कहा, हमने सिलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) की बराबरी करने के लिए कीमतें बढ़ाई हैं।'' सीपीसी श्रीलंका में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी है।

### महाराष्ट्र : लातूर में विवाह भोज में भोजन करने के बाद लगभग 330 लोग बीमार

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में एक विवाह भोज में खाना खाने के बाद मेहमानों को बैचैनी के बाद उल्टियां होने लगी घटना नीलांगा तहसील की है। यहां एक शादी समारोह के दौरान खाना खाने के बाद करीब 330 लोग बीमार हो गए। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना रविवार को केदारपुर गांव में हुई जहां पर सैकड़ों लोगों के लिए खाना बना था। अधिकारी ने बताया, 'खाना खाने के बाद लोगों ने बेचैनी की शिकायत की जबकि कुछ ने उल्टी करना शुरू कर दिया। केदारपुर और जवालगा गांव के कुल 336 लोगों को अम्बुल्गा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। कुछ का वालांडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया गया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि अब सभी की हालत स्थिर है और उनपर इलाज का असर हो रहा है। अधिकतर लोगों को छुट्टी दे दी गई है।अधिकारी ने बताया कि खाद्य विषाक्तता की शिकायत करने वालों में 133 जवालगा गांव के, 178 केदारपुर के और 25 काटे जवालगा गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि स्थिति पर नजर रखने के लिए तीनों गांवों में स्वास्थ्य दल मौजूद हैं।

### ड्राइवर ने गुटखा थूकने मुंह बाहर निकाला, बस ट्रेलर में भिड़ गई 4 लोगों की मौत

**कोटा।** कोटा जिले के सिमलिया थाना इलाके में मंगलवार सुबह स्लीपर कोच बस ट्रेलर में भिड़ गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हुई और करीब 10 से अधिक लोग घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। साथ ही पुलिस ने मृतकों के शवों को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस के मुताबिक, यह बस राजकोट से कानपुर जा रही थी। इसी बीच कोटा से आगे नेशनल हाइवे-27 पर ड्राइवर ने गुटखा थूकने के लिए खिड़की से मुंह बाहर निकाला और तभी अनियंत्रित होकर बस पीछे से ट्रेलर में घुस गई। हादसे की एक वजह यह भी सामने आ रही है कि स्लीपर कोच बस सड़क पर आगे दौड़ रहे ट्रेलर को ओवरटेक कर रही थी।इसी दौरान बस पीछे से ट्रेलर में जा भिड़ी। हादसे में 4 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि करीब 10 घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही आनन फानन में पुलिस दस्ता घटनास्थल पर पहुंचा और राहत कार्य शुरू करवाया।

# जब भारत चुप हो जाता है, तब 'बेजान' हो जाता है, यहां बोलने की अनुमति देने वाली संस्थाओं पर हमला हो रहा है : राहुल गांधी

**कैंब्रिज, ब्रिटेन।** ब्रिटेन के प्रतिष्ठित 'कैंब्रिज विश्वविद्यालय' के 'कॉर्पस क्रिस्टी कॉलेज' में सोमवार शाम आयोजित 'इंडिया एट 75' कार्यक्रम में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मौजूदा नरेंद्र मोदी सरकार पर नाम लिए बगैर निशाना साधा और आरोप लगाया है कि भारत को बोलने की इजाजत देने वाली संस्थाओं पर 'सुनियोजित हमला' हो रहा है। उन्होंने कहा कि बातचीत को बाधित किए जाने के कारण 'सरकार की नीतियों को गोपनीय तरीके से प्रभावित या नियंत्रित करने वाले प्रभावशाली लोग या एजेंसियां' देश में संवाद को नए तरीके से परिभाषित कर रही हैं। राहुल ने छात्रों, विशेषकर भारतीय मूल के छात्रों के सवालों का जवाब दिया। उन्होंने हिंदू राष्ट्रवाद, कांग्रेस पार्टी में गांधी परिवार की भूमिका और देश के लोगों को संगठित करने के प्रयासों जैसे व्यापक विषयों पर अपनी राय साझा की।



विश्वविद्यालय में भारतीय मूल की शिक्षाविद डॉ. श्रुति कपिला के साथ बातचीत में राहुल ने उन सभी बिंदुओं को दोहराया, जिनका जिक्र उन्होंने पिछले सप्ताह एक सम्मेलन के दौरान किया था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने भारतीय राजनीति पर 'सरकारी नीतियों को कथित तौर पर गोपनीय तरीके से प्रभावित या नियंत्रित करने वाले प्रभावशाली लोगों या एजेंसियों' के प्रभाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए भारत तब 'जीवंत' होता है, जब भारत बोलता है और जब भारत चुप हो जाता है, तब यह 'बेजान' हो जाता है। मैं देखता हूं कि भारत को बोलने की अनुमति देने वाली संस्थाओं पर हमला किया जा रहा है- संसद, चुनाव प्रणाली, लोकतंत्र की बुनियादी संरचना पर एक संगठन द्वारा कब्जा किया जा रहा है।' राहुल ने कहा, 'बातचीत को बाधित किए जाने के कारण 'सरकारी नीतियों को गोपनीय तरीके से प्रभावित या नियंत्रित करने वाले प्रभावशाली लोग या एजेंसियां' इन रिक्त स्थानों में प्रवेश कर रही हैं और देश में संवाद को नए तरीके से परिभाषित कर रही हैं।'

# भारत में मंकीपॉक्स को लेकर एतियात बरतना शुरु

**मुंबई।** मंकीपॉक्स की चपेट में आए देशों की संख्या 15 दिन के अंदर ही बढ़कर 15 हो गई है। पुष्ट केसों का आंकड़ा करीब 100 बताया जा रहा है। भारत में हालांकि अभी तक मंकीपॉक्स का कोई केस नहीं मिला है, लेकिन सतर्कता काफी बढ़ा दी गई है। इस बीच महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में 28 बेड का एक वॉर्ड मंकीपॉक्स के संदिग्ध मरीजों के लिए रिजर्व कर दिया है। एयरपोर्ट पर इसतरह के लोगों की जांच शुरू कर दी गई है, जो मंकीपॉक्स प्रभावित देशों की यात्रा करके आए हैं। महाराष्ट्र के अलावा कई और राज्यों में भी एहतियाती कदम उठाए गए हैं। ये कवायद विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से चेतावनी के बाद की जा रही है, जिसमें कहा है, कि जिन देशों में मंकीपॉक्स का संक्रमण नहीं फैला है, वहां इसके केस सामने आ सकते हैं। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद नैशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) ने कहा था कि भारत में मंकीपॉक्स का केस मिलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके बाद सतर्क रहने की जरूरत है। स्वास्थ्य एजेंसियां इसतरह के लोगों पर नजर रखें, जिन्होंने पिछले 21 दिनों के अंदर विदेश यात्रा की है या ऐसा करने वालों के सीधे संपर्क में आए हैं और उनमें रेशैज दिख रहे हैं। इन लोगों की सूचना तुरंत दी जाना चाहिए और उन्हें बाकी लोगों से अलग करके निर्धारित अस्पतालों में आइसोलेट किया जाना चाहिए। इसके मद्देनजर मुंबई में चिंचपोकली के कस्तूरबा अस्पताल में मंकीपॉक्स के संदिग्ध मरीजों के लिए 28 बेड रिजर्व कर दिए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अस्पताल के वार्ड 30 में पिछले कुछ समय से कोरोना के मरीजों को रखा जा रहा था। उससे पहले स्वाइन फ्लू के संदिग्ध मरीजों को आइसोलेट करने में इस वार्ड का इस्तेमाल होता था। बीएमसी की एग्जिक्यूटिव हेल्थ ऑफिसर ने बताया कि मुंबई में सभी स्वास्थ्य केंद्रों को सूचित कर दिया गया है कि अगर उन्हें किसी इसतरह के व्यक्ति की जानकारी मिले।, जिसे मंकीपॉक्स होने का शक हो तब तुरंत कस्तूरबा अस्पताल के लिए रेफर करें। इसतरह के सभी संदिग्ध मरीजों के सैंपलों की जांच के लिए पुणे के नैशनल वायरोलॉजी इंस्टिट्यूट में इंतजाम किए गए हैं।



# गंगा में नहा रहे दिल्ली निवासी दो भाई सहित तीन युवक डूबे

**ऋषिकेश।** टिहरी गढ़वाल के थाना मुनिकीरेती क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर गंगा में नहा रहे दिल्ली निवासी दो भाई सहित तीन युवक डूब गए। एक युवक का शव बरामद किया गया है। दो लोग अभी लापता है। जल पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम गंगा में डूबे युवकों को तलाश रही है। आइटीबीपी कैंप के समीप मंगलवार की दोपहर करीब 1=15 बजे दिल्ली से आए नौ पर्यटक गंगा में नहा रहे थे। इस बीच दो भाई समेत तीन युवक गंगा में डूब गए। इसके बाद समीप मौजूद जल पुलिस की टीम को सूचित कर एसडीआरएफ की टीम को मौके पर बुलाया गया। तत्काल रेस्क्यू कार्य शुरू किया गया। पुलिस के मुताबिक युवकों में दो भाई शुभम और कार्तिक शामिल थे। दोनों गंगा में डूब गए। इनमें शुभम का शव बरामद किया गया है।

पुलिस के मुताबिक शुभम (22 वर्ष) पुत्र मोहनलाल निवासी डी-2, 79/80 सेक्टर 11 रोहिणी नई दिल्ली का शव बरामद किया गया है। उसका भाई कार्तिक (20 वर्ष) पुत्र मोहनलाल निवासी सेक्टर 11 रोहिणी नई दिल्ली-85 और साथी दीपांशु (20 वर्ष) पुत्र अजय सिंह निवासी गली नंबर चार हरकुल विहार नजफगढ़ दिल्ली गंगा में



लापता है। दिल्ली से कुल नौ लोग यहां घूमने आए थे। यह सभी लोग यहां कैंप में रुके हुए थे।जिसमें से यह तीनों युवक गंगा में डूब गए। शुभम और कार्तिक का तीसरा भाई भी इनके साथ घूमने आया था, लेकिन वह नहाने नहीं आया, बल्कि कैंप में ही रुका हुआ था। इसी दौरान सूरज (23 वर्ष) निवासी गुरुरोड, पटेलनगर देहरादून डूब गया। उसके दोस्तों ने शोर भी मचाया, लेकिन तब तक वह लहरों में गुम हो गया। सूचना पर एसडीआरएफ व जल पुलिस मौके पर पहुंची। बताया कि तीन घंटे बाद युवक का शव पास से ही बरामद कर लिया गया।

## न्यूज़ ट्रैक....

### मैनचेस्टर सिटी ने एस्टन विला को हराकर छठी बार ईपीएल खिताब जीता

**मैनचेस्टर** । मैनचेस्टर सिटी ने एस्टन विला को 3-2 से हराकर 11 सत्र में छठी बार इंग्लिश प्रीमियर लीग ईपीएल फुटबॉल खिताब जीता है। खिताबी दौड़ में मैनचेस्टर सिटी ने लीवरपूल को एक अंक से पीछे छोड़ा। लीवरपूल ने एक अन्य मुकाबले में वोल्वरहैम्पटन को 3-1 से हराया। मैनचेस्टर से मुकाबले में एस्टन विला ने मैटी कैश (37वें मिनट) और फिलिप कोटिन्हो (69वें मिनट) के गोल से 2-0 की बढ़त बना ली थी पर इसके बाद मैनचेस्टर ने शानदार वापसी करते हुए 5 मिनट के अंदर ही तीन गोल दागकर जीत दर्ज कर ली। मैनचेस्टर की ओर से इकाय गुनडोगन ने 76वें और 81वें मिनट में दो जबकि रोड्री ने 78वें मिनट में एक गोल किया। वहीं लीवरपूल ने पर पेड्रो नेटो के तीसरे मिनट में दागे गोल से पिछड़ने के बाद सादियो माने 24वें मिनट, मोहम्मद सालाह 84वें मिनट और एंड्रयू रॉबर्टसन 89वें मिनट के गोल की बदौलत वोल्वरहैम्पटन पर जीत दर्ज की। मैनचेस्टर सिटी की टीम 38 मैच में 93 अंक के साथ खिताब जीतने में सफल रही। वहीं लीवरपूल इतने ही मैच में 92 अंक के साथ उप विजेता रही।

### सीएसके ने मिडफील्डर थापा का करार दो साल बढ़ाया

**चेन्नई** । इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टीम चेन्नईयिन एफसी ने मिडफील्डर अनिरुद्ध थापा का करार दो साल के लिए बढ़ा दिया है। इस करार के तहत थापा साल 2024 तक क्लब के साथ रहेंगे। थापा साल 2016 से ही क्लब का हिस्सा हैं। चेन्नईयिन एफसी के साथ जुड़ने के बाद से ही यह फुटबॉलर टीम में बना है। उन्होंने अब तक चेन्नईयिन की ओर से अहम भूमिका निभाई है। वह दो बार आईएसएल फाइनल खेलने वाली इस टीम में शामिल रहे और 2017-18 में आईएसएल खिताब जीतने में भी उनकी अहम भूमिका रही थी।

### इन्दौर गौरव दिवस खेल महोत्सव टेनिस व स्क्वैश टूर्नामेंट 26 मई से

**इन्दौर** । इन्दौर गौरव दिवस के उपलक्ष्य में खेल महोत्सव में शामिल लॉन टेनिस एवं स्क्वैश टूर्नामेंट का आयोजन इन्दौर टेनिस क्लब में किया जाएगा। इन्दौर टेनिस क्लब के सचिव अनिल धूपर ने बताया कि यह टूर्नामेन्ट 26 मई से 29 मई 2022 तक आयोजित किए जाएंगे जिसमें टेनिस खेल में बालक एवं बालिका 14 वर्ष आयु, 18 वर्ष आयु एवं पुरूष युगल वर्ग रखे गए है। स्क्वैश खेल में बालक एवं बालिका 15 वर्ष आयु, 19 वर्ष आयु एवं पुरूष युगल वर्ग रखे गए हैं। टेनिस एवं स्क्वैश टूर्नामेंट में भाग लेने की अंतिम तिथि 25 मई 2022 रखी गई है।

### श्रीलंकाई बल्लेबाज कुशल को फील्डिंग के दौरान उठा सीने में दर्द

**ढ़ाका** । श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच मीरपुर में जारी दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन ही श्रीलंकाई बल्लेबाज कुशल मेंडिस को मैदान में फील्डिंग के दौरान दर्द उठने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेंडिस ने लंच से कुछ देर पहले ही सीने में दर्द की शिकायत की थी। इस कारण वह 23वें ओवर में मैदान पर ही लेट गए। मेडिकल टीम ने तत्काल मैदान में पहुंचकर उनकी जांच की और उन्हें मैदान से बाजर ले जाया गया।



ब्रिटेन में प्रीमियर लीग फुटबॉल में जीत के बाद खुशी मनाती हुई मैनचेस्टर सिटी की टीम।

महिला टी20 क्रिकेट

# पूजा की शानदार गेंदबाजी से सुपरनोवाज जीती



**पुणे** । पूजा वस्त्राकर के शानदार प्रदर्शन से सुपरनोवाज टीम ने महिला टी20 चैलेंज क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले ही मुकाबले में ट्रेलब्लेजर्स को 49 रनों से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली सुपरनोवाज ने इस टूर्नामेंट में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 163 रन बनाए जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेलब्लेजर्स की टीम 9 विकेट पर 114 रन ही बना पाई। इस मैच में पूजा और अन्य गेंदबाजों ने अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पूजा ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। एलाना किंग ने 2 विकेट लिए जबकि मेघना सिंह और सोफी एक्लेस्टोन ने एक-एक विकेट लिया।

इस मैच में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेलब्लेजर्स को सलामी बल्लेबाज हेली मैथ्यूज और कप्तान स्मृति मंधाना ने अच्छी शुरुआत दिलायी पर हेली को पूजा ने पांचवें ओवर में आउट कर टीम को पहला झटका दिया। हेली 18 रन बनाकर आउट हुईं। पूजा ने इसके बाद कप्तान मंधाना को भी पेवेलियन भेज दिया। मंधाना ने 34 रन बनाए। वहीं इसके बाद जेमिमा रोड्रिग्ज ने पारी को संभालने का प्रयास किया पर वह 24 रन बनाकर मेघना सिंह का शिकार बनी। जेमिमा ने 24 रन बनाए। अंतिम बल्लेबाज रेणुका सिंह ने 14 रन बनाए और वह नाबाद रहीं।

वहीं इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सुपरनोवाज की ओर से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सबसे ज्यादा 37 रन बनाए। वहीं हरलीन देओल ने 35 और ओपनर डिएंड्रा डोटिन ने 32 रन बनाये। सुपरनोवाज ने शुरुआत अच्छी करते हुए पावरप्ले में 58 रन बनाये। डोटिन ने 32 रन बनाए। प्रिया पूनिया ने 22 रन बनाये। हरलीन देओल ने तीसरे विकेट के लिए कप्तान हरमनप्रीत के साथ 37 रन बनाये। वहीं ट्रेलब्लेजर्स की ओर से हेली

### आक्रामक बल्लेबाजों को गेंदबाजी करने से सटीक यॉर्कर फेंकने का अभ्यास हुआ : अर्शदीप

**मुंबई** । पहली बार टीम इंडिया में जगह बनाने से उत्साहित युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा है कि पंजाब किंग्स के शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को गेंदबाजी करने से ही उन्हें यह अवसर मिला है। अर्शदीप के अनुसार आईपीएल में पंजाब किंग्स के आक्रामक बल्लेबाजों को नेट पर गेंदबाजी करने से उन्हें सटीक यॉर्कर फेंकने का अभ्यास हुआ। आईपीएल के 15 वें सत्र में डेथ ओवरों में अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित करने वाले अर्शदीप ने अपने 7.70 की इकोनॉमी दर से रन दिए। उन्हें सटीक और वाइड यॉर्कर डालने की क्षमता के कारण ही अगले माह जून में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह मिली है। अर्शदीप ने पंजाब किंग्स की सनराइजर्स हैदराबाद पर 5 विकेट की जीत के बाद टीम के अपने साथी हरप्रीत बरार से कहा, 'मुझे मैच से ठीक पहले बस में यह खबर मिली कि मुझे भारतीय टीम में जगह मिली है।'

### इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में काउंटी सत्र का लाभ मिलेगा :पुजारा

**नई दिल्ली** । भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा है कि इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट के अनुभवों का लाभ उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट में मिलेगा। पुजारा ने काउंटी में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम ससेक्स की ओर से डिवीजन दो के पांच मैच में दो दोहरे शतक और दो शतक की मदद से 720 रन बनाए हैं। इसी कारण उनकी भारतीय टेस्ट टीम में वापसी हुई है। पुजारा ने कहा, 'मुझे खुशी है कि मुझे इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट के लिए टीम में जगह मिली है। हाल में काउंटी में मेरे प्रदर्शन पर ध्यान के कारण यह संभव हुआ।% उन्होंने कहा, 'काउंटी मुकाबलों के दौरान क्रीज पर समय बिताने के बाद मेरा मानना है कि मुझे इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में इसका लाभ्र मिलेगा।% पुजारा ने कहा, ' मैं हमेशा की तरह ही दौरे से पहले अच्छी तैयारी और ट्रेनिंग को लेकर उत्सुक हूं तथा उम्मीद करता हूं कि भारतीय टीम में योगदान देना जारी रखूंगा। गौरतलब है कि भारतीय टीम कोरोना संक्रमकण के कारण पिछले साल पांचवां टेस्ट नहीं खेल पायी थी जो अब बर्मिंघम में एक से पांच जुलाई तक खेला जाएगा। वहीं पिछले कुछ समय में खराब फॉर्म को देखते हुए पुजारा को इस साल की शुरुआत में ही भारतीय टीम से बाहर कर दिया गया था पर ससेक्स की ओर से शानदार प्रदर्शन के कारण उन्होंने टीम में वापसी की है।

## सुंदर भविष्य में तीनों प्रारुप में खेलेंगे: शास्त्री





**मुंबई** । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि युवा ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर आने वाले समय में तीनों प्रारुपों में भारतीय टीम से खेलेंगे। सुंदर ने शास्त्री के कोच रहते ही टेस्ट पदार्पण किया था। इस क्रिकेटर ने गत वर्ष हुए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी अच्छा प्रदर्शन किया था।

शास्त्री ने कहा, सुंदर भविष्य में भारत के प्रमुख ऑलराउंडर बनेंगे क्योंकि वह भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि अभी भारतीय टीम के पास ऑलराउंडर के तौर पर रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल हैं लेकिन आने वाले समय में सुंदर सक्षम होने के कारण तीनों प्रारुप खेल पायेंगे। उन्होंने कहा, सुंदर एक गंभीर क्रिकेटर है। वह अभी कम उम्र के युवा खिलाड़ी हैं पर उन्हें अपने खेल को समझना होगा। सफेद गेंद के प्रारूप में उन्हें सुधार करना होगा। उन्हें अपनी फिटनेस पर भी ध्यान देना होगा।

इसके साथ ही उन्हें तीनों प्रारुपों में भूमिका निभाने के लिए मेहनत भी करनी होगी। शास्त्री ने कहा कि 22 वर्षीय वॉशिंगटन टेस्ट टीम में आसानी से फिट हो सकते हैं पर टी20 के लिए उन्हें अपनी बल्लेबाजी में बदलाव करने होंगे। शास्त्री ने कहा, 'टी20 में शॉट्स के चयन पर भी उन्हें ध्यान देना होगा। साथ ही कहा कि टेस्ट क्रिकेट में वह भविष्य में नंबर 6 पर अपनी जगह बना सकते हैं। वहीं विदेशों में वह एक विशेषज्ञ स्पिनर के तौर पर गेंदबाज़ी करते हुए टीम को बेहतर संतुलन देते हैं। इसके साथ ही छठे नंबर पर बल्लेबाज़ी भी कर सकते हैं। टी20 क्रिकेट में वह बल्लेबाजी के अलावा गेंदबाजी में भी अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## विम्बलडन में नहीं मिलेंगे रैंकिंग अंक

पेरिस (ईएमएस)। इस साल विम्बलडन में रैंकिंग अंक नहीं दिया जाएंगे। डब्ल्यूटीए और एटीपी ने रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों के इस टूर्नामेंट में भाग लेने पर लगे प्रतिबंध को देखते हुए ही यह कदम उठाया है। डब्ल्यूटीए और एटीपी के इस फैसले से तय है कि अगले माह 27 जून से होने वाले इस टूर्नामेंट का आकर्षण घटेगा हालांकि इसके बाद भी विम्बलडन होने के कारण इसका महत्व बना रहेगा। इसमें एक परंपरा और प्रतिष्ठा है जिसमें सभी खिलाड़ी सफेद रंग की ड्रेस में खेलते हैं और इसमें मिलने वाली लाखों डॉलर की राशि काफी अहम होती है। इसलिए उम्मीद है कि जो खिलाड़ी इसके लिये क्वालीफाई करेगा, वह इसमें खेलेगा ही। इससे पहले आयोजकों ने यूक्रेन पर रुसी हमले के विरोध में रूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। ऑल इंग्लैंड क्लब ने पिछले माह ही कहा था कि वह रूस और बेलारूस को अपनी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं देगा। वहीं डब्ल्यूटीए और एटीपी के अलावा विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ओर रफल नडाल सहित कई खिलाड़ियों ने प्रतिबंबध के फैसले की आलोचना करते हुए कहा था कि इसमें खिलाड़ियों की गलती नहीं है। यह रुसी सरकार का फैसला था और उसमें खिलाड़ियों की कोई भूमिका नहीं होती।

## व्यापार न्यूज

### म्यूचुअल फंड कंपनियों ने 2021-22 में एनएफओ से 1.08 लाख करोड़ जुटाए

**नई दिल्ली** । शेयर बाजारों में तेजी और खुदरा निवेशकों की रुचि बढ़ने के बीच परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) 2021-22 में 176 नई कोष पेशकश (एनएफओ) लेकर आई हैं, जिनके जरिए कुल 1.08 लाख करोड़ रुपए जुटाए गए। फायर्स के शोध प्रमुख गोपाल कवालिरेड्डी ने कहा नकदी की सख्त स्थिति, ब्याज दरों में बढ़ोतरी, शेयर बाजार में मजबूती, दफ्तर से काम फिर शुरू होने के बाद आगे चलकर एनएफओ में रुचि घट सकती है। वहीं निश्चित परिपक्वता वाली योजनाओं (एफएमपी) में उल्लेखनीय रूप से नई पेशकशें देखने को मिल सकती हैं। उन्होंने कहा कि लगभग सभी एएमसी ने विभिन्न श्रेणियों में नई योजनाएं पेश की हैं और पहले मौजूद उत्पादों के अंतराल को पाटने का काम किया है। उन्होंने बताया कि निवेश के उद्देश्यों में अंतर, विशिष्ट योजनाओं में निवेशकों की रुचि, धन की उपलब्धता, कोष प्रबंधकों की विश्वसनीयता और शेयर बाजारों के प्रदर्शन के आधार पर नई पेशकशों की संख्या तय होगी। 2021-22 में 176 नई कोष पेशकशें आईं। इन एनएफओ के जरिये 1,07,896 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। यह पिछले वित्त वर्ष की तुलना में कहीं ऊंचा आंकड़ा है। 2020-21 में 84 एनएफओ आए थे और इनके जरिये कुल 42,038 करोड़ रुपये जुटाए गए थे।

### एप्पल करेगी होमपॉड स्मार्ट स्पीकर लॉन्च

**सैन फ्रैंसिस्कों** । साल 2022 के अंत में या 2023 की शुरुआत में कंपनी एप्पल होमपॉड स्मार्ट स्पीकर लॉन्च करने की योजना बना रही है। संभावना जताई जा रही है कि यह होमपॉड मिनी की तुलना में एक बड़ा मॉडल होगा। इसमें ऐसे फीचर्स हैं जो अपने पहले होमपॉड की तरह 300 डॉलर से लागत को कम करने में मदद करते हैं। एप्पल वर्तमान में 99 डॉलर होमपॉड मिनी को एकमात्र मॉडल के रूप में बेचता है। इसको पिछले साल 349 डॉलर से 299 डॉलर की कीमत में कटौती के बाद बंद कर दिया गया था। कुओ ने कहा कि जब वह स्मार्ट स्पीकर को निस्संदेह घरेलू पारिस्थितिकी तंत्र के आवश्यक तत्वों में से एक के रूप में देखते हैं। इस दौरान उन्हें नहीं लगता कि एप्पल ने शायद ही ऐसा महसूस किया है कि स्मार्ट स्पीकर डोमेन में कैसे सफल होना है। विश्लेषक ने हाल ही में भविष्यवाणी की थी कि तकनीकी दिग्गज एप्पल टीवी सेट-टॉप बॉक्स का एक नया संस्करण विकसित कर रहे हैं। विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला विश्लेषक मिंग-ची कूओ के अनुसार, टेक दिग्गज इस साल की चौथी तिमाही या अगले साल की पहली तिमाही में अगला होमपॉड मॉडल लॉन्च करने का लक्ष्य बना रही है।

### डब्ल्यूईएफ शिखर सम्मेलन में तेलंगाना कई कंपनियों से निवेश आकर्षित कराने में सफल रहा

**हैदराबाद** । विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) शिखर सम्मेलन के पहले दिन ही तेलंगाना को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। तेलंगाना कई कंपनियों से निवेश आकर्षित करने में सफल रहा। इन कंपनियों में लुलू समूह ने 500 करोड़ रुपये जबकि स्पेन की केमो फार्मा ने अगले दो साल में 100 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार स्विटजरलैंड के दावोस में आयोजित डब्ल्यूईएफ शिखर सम्मेलन में तेलंगाना प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग मंत्री केटी रामा राव ने विभिन्न उद्योगपतियों के साथ कई बैठकें की। बैठक में कई कंपनियों ने राज्य में निवेश को लेकर प्रतिबद्धता जताई। लुलू समूह राज्य में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 500 करोड़ रुपये के निवेश के साथ काम शुरू करेगा। तेलंगाना सरकार की तरफ से रामा राव ने लुलू समूह के प्रमुख यूसुफ अली को खाद्य प्रसंस्करण इकाई लगाने को लेकर जरूरी मंजूरी दस्तावेज सौंपे। यूसुफ अली ने कहा कि इस निवेश के अलावा समूह खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में एक और इकाई लगाने की योजना है। इस बारे में जल्दी ही घोषणा की जाएगी। इसके अलावा, स्पेन की दवा कंपनी केमो फार्मा ने हैदराबाद में उत्पादन इकाई में विस्तार को लेकर अगले दो साल में 100 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। बयान के अनुसार, ज्यूरिख मुख्यालय वाली स्विस री ने इस साल अगस्त में हैदराबाद में दफ्तर स्थापित करने का ऐलान किया है।

# शेयर बाजार की तेजी के साथ शुरुआत



**मुंबई** । मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ खुला। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन सेंसेक्स ने शुरु होते ही 132 अंक की बढ़त हासिल की। सुबह 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 132.18 अंक बढ़कर 54,420.79 अंक पर पहुंच गया। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 41.15 अंक बढ़कर 16,255.85 अंक पर था। वहीं गत दिवस सेंसेक्स और निफ्टी हल्की गिरावट के साथ बंद हुआ था। वहीं जानकारों के अनुसार दुनिया भर के बाजारों के प्रभाव से भारतीय बाजार भी प्रभावित हुआ है जिससे बिकवाली का माहौल हैं। दोनों प्रमुख सूचकांकों में उतार-चढ़ाव इसी कारण है। वहीं अन्य एशियाई बाजारों में हांगकांग, शंघाई, सोल और तोक्यो में भी गिरावट का रुख था। उल्लेखनीय है कि मुम्बई शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। धातु कंपनियों के शेयरों में हुई बिकवाली से भी बाजार में यह गिरावट आई है। लौह अयस्क और कुछ इस्पात उत्पादों पर निर्यात शुल्क लगने के कारण ये बिकवाली हुई। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 37.78 अंक करीब 0.07 फीसदी नीचे आकर 54,288.61 अंक पर बंद हुआ।

## एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार, अमेरिका और यूरोपीय बाजारों में तेजी

**टोक्यो** । एशियाई बाजारों में मंगलवार को मिलाजुला रुख देखा गया। इस दौरान सिंगापुर स?टॉक एक?सचेंज 0.34 फीसदी की बढ़त पर कारोबार कर रहा था जबकि जापान का निक?केई 0.27 फीसदी की गिरावट पर था। वहीं हांगकांग के शेयर बाजार में भी 0.31 फीसदी और ताइवान में 0.01 फीसदी की गिरावट दर्ज की गयी है। दक्षिण कोरिया का शेयर बाजार भी 0.68 फीसदी के नुकसान पर दिख रहा है। इतना ही नहीं चीन के शंघाई कंपोजिट पर भी 0.08 फीसदी की गिरावट आई है। दूसरी ओर अमेरिकी बाजारों में हल्की तेजी है। यह उछाल आईटी और बैंकिंग कंपनियों के अच्छी तिमाही रिजल?ट के कारण आई है। नेसडेक पिछले कारोबारी सत्र में 180.66 अंक करीब 1.59 फीसदी ऊपर आया। इसके अलावा डाओ जोंस पर भी 618.34 अंक (1.98 फीसदी) और एसएंडपी में 500 पर 72.39 अंक (1.86 फीसदी) का उछाल आया। वहीं यूरोप के भी सभी शेयर बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र के दौरान तेजी आई।

### रुपया 77.56 पर खुला

**मुंबई** । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 77.56 पर खुला। घरेलू शेयर बाजारों में आई कमजोरी और विदेशी कोषों की निकासी से मंगलवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की सपाट शुरुआत हुई। इसी के साथ ही अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 77.56 पर कमजोर खुला। वहीं इसके बाद रुपया 77.56 से 77.51 के दायरे में बना रहा। पिछले कुछ समय से रुपया डॉलर के मुकाबले 77.56 पर कारोबार कर रहा था।

## क्रिप्टोकरेंसी बाजार फिर लाल, बिटकॉइन और इथेरियम न्यूनतम स्तर पर पहुंचे

**नईदिल्ली।** क्रिप्टोकरेंसी बाजार फिर लाल, बिटकॉइन और इथेरियम न्यूनतम स्तर पर पहुंचेनई दिल्ली (ईएमएस)। ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप औंधे मुंह गिरने की खबर है। क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में आज फिर लाल है और लगभग सभी बड़ी क्रिप्टोकरेंसीज़ में गिरावट देखने को मिली है। आज मंगलवार को भारतीय समयानुसार सुबह 9ः07 बजे तक ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप 1.99 फीसदी की गिरावट के साथ 1.26 ट्रिलियन डॉलर पर आ गई है। ग्लोबल मार्केट कैप के लिए अब 1.30 ट्रिलियन डॉलर एक रेजिस्टेंस की तरह काम कर रहा है। बिटकॉइन एक बार फिर से 30 हजार डॉलर के नीचे चला गया है और इथेरियम भी 2 हजार डॉलर के नीचे है। आंकड़ों के हिसाब से खबर लिखे जाने के समय तक बिटकॉइन 2.86 फीसदी गिरकर 29,269.20 पर ट्रेड कर रहा था, जबकि दूसरा सबसे बड़ा कॉइन इथेरियम का प्राइस पिछले 24 घंटों में 2.06 फीसदी गिरकर 1,986.67 पर पहुंच गया। बिटकॉइन का बाजार प्रभुत्व 44.2 फीसदी है, जबकि इथेरियम का 19 फीसदी है। पिछले 24 घंटों के भीतर सबसे ज्यादा बढ़ने वाले तीन कॉइन्स में कुजरा, डिफाइस नेटवर्क (डीएफएस), और मार्स प्रोटोकोल शामिल रहे। कुजरा में पिछले 24 घंटों के भीतर 528.15 प्रतिशत का उछाल आया है। दूसरे नंबर पर है डिफाइस नेटवर्क (डीएफएस), जिसमें 382.49 फीसदी की बढ़त हुई है।

## टीवीएस ने लांच किया आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर

### -भारतीय बाजार में मिलेगी ओला एस 1 को कड़ी टक्कर



नई दिल्ली (ईएमएस)। ऑटोमोबाइल सेक्टर की कंपनी टीवीएस ने नया आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किया है। यह भारतीय बाजार में ओला एस 1 को कड़ी टक्कर देता है, जो इस सेगमेंट सबसे पॉपुलर इलेक्ट्रिक स्कूटर है। नए अपडेट के साथ स्कूटर में अब कई नए फीचर्स के साथ-साथ एक बड़ा बैटरी पैक भी जोड़ा गया है। फीचर्स की बात करें तो नए टीवीएस आईक्यूब ई-स्कूटर को फीचर्स के मामले में काफी अपडेट किया गया है

।इसमें अब 5-इंच का फुल-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट कंसोल मिलता है, जबकि 'एस' वेरिएंट में इसके बजाय 7-इंच की बड़ी स्क्रीन मिलती है।'एसटी' वेरिएंट में 7-इंच टचस्क्रीन मिलता है।एसटी वेरिएं में 32-लीटर का बड़ा स्टोरेज मिलता है, जबकि अन्य में 17-लीटर स्टोरेज मिलता है।साथ ही एस और एसटी वेरिएंट में एडजस्टेबल रियर सस्पेंशन मिलता है।इसके अलावा आईक्यूब में एंटी-थेफ्ट अलर्ट, क्रैश अलर्ट, लाइव व्हीकल ट्रैकिंग, सर्विस अलर्ट, इनकमिंग कॉल/मैसेज अलर्ट, नेविगेशन असिस्ट, लास्ट पार्क की गई लोकेशन, कार्बन फुटप्रिंट ट्रैकर फीचर्स मिलते हैं.दूसरी ओर ओला एस1 पकई सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स के साथ आता है, जैसे कि फुल एलईडी लाइटिंग पैकेज और नेविगेशन के साथ 7.0-इंच टच डिस्प्ले।यह डिस्प्ले 3जीबी रैम के साथ ऑक्टा-कोर प्रोसेसर से चलता है।इसमें वाईफाई, ब्लूटूथ और 4जी कनेक्टिविटी सपोर्ट करता है। कंपनी दावा है कि यह स्कूटर एक बार चार्ज करने पर 145 किमी की रेंज दे सकता है।वहीं, ओला एस1 में 3.97 केडब्ल्यूएचबैटरी पैक मिलता है।कंपनी का दावा है कि इसमें यूजर्स को सिंगल चार्ज में 181 किमी की रेंज मिलता है।ओला एस1 प्रो में क्रूज़ कंट्रोल, वॉयस असिस्ट और हिल होल्ड जैसे फीचर्स मिलते हैं।

## आकाश एयर कॉमर्शियल ऑपरेशन शुरू करेगी

**नई दिल्ली** । नई एयरलाइन 'आकाश एयर' ने कहा कि वह जून के मध्य तक अपना पहला बोइंग 737 मैक्स विमान प्राप्त करने और जुलाई तक कॉमर्शियल ऑपरेशन शुरू करने की तैयारी में है। एयरलाइन ने अमेरिका के पोर्टलैंड में बोइंग विनिर्माण कंपनी से अपने पहले मैक्स विमान की तस्वीरें जारी कीं, जो आपूर्ति के लिए तैयार है। बयान में कहा गया कि एयरलाइन ने जून के मध्य तक भारत में अपना पहला विमान प्राप्त होने और जुलाई 2022 तक देश में वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। एयरलाइन की मार्च 2023 के अंत तक देश में घरेलू मार्गों पर 18 विमान उड़ाने की योजना है। आकाश एयर बड़े शहरों से टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए उड़ानों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इस एयरलाइन में जाने माने निवेशक राकेश झुनझुनवाला और विमानन दिग्गज विनय दुबे व आदित्य घोष का निवेश है। उसे वाणिज्यिक उड़ान संचालन शुरू करने के लिए अगस्त 2021 में नागरिक उड्डयन मंत्रालय से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिला था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने पिछले साल अगस्त के अंत में बोइंग 737 मैक्स विमान को हरी झंडी दी थी। इसके बाद, आकाश एयर ने 26 नवंबर, 2021 को बोइंग के साथ 72 मैक्स विमानों की खरीद के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। आकाश एयर ने कहा कि मैक्स विमान अत्यधिक ईंधन कुशल सीएफएम लीप बी इंजन द्वारा संचालित होगा। एयरलाइन ने कहा कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और बढ़ती आबादी से वाणिज्यिक उड़ानों की मांग बढ़ेगी, जिससे अगले 20 वर्षों में भारत में लगभग 1,000 नए विमानों की आवश्यकता होगी।

# रश्मिका मंदाना के हाथ लगी एक और बॉलीवुड फिल्म



साउथ फिल्म इंडस्ट्री की जानी मानी अदाकारा और कर्नाटक क्रश कही जाने वाली रश्मिका मंदाना आने वाले दिनों में कई साउथ और बॉलीवुड की फिल्मों में नजर आने वाली है। रश्मिका मंदाना फिल्म मिशन मजनू के साथ बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री में अपने अभिनय करियर की शुरूआत करने जा रही है। फिल्म की शूटिंग कुछ समय पहले ही रश्मिका मंदाना ने बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ शुरू की थी। जिसमे रश्मिका मंदाना और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक दूसरे के साथ रोमांस करते हुए नजर आएंगे। अब इस वक्त की आ रही ताजा खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि रश्मिका मंदाना मिशन मजनू के बाद जल्द ही वो बॉलीवुड की अगली फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है। खबरों के अनुसार रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी फिल्म मिशन मजनू की शूटिंग नवाबों के शहर लखनऊ में कर रही थी। कुछ समय पहले ही फिल्म की टीम ने लखनऊ में शेड्यूल को पूर किया है। अब अभिनेत्री रिश्मका चेन्नई में अगली फिल्म सुल्थान की शूटिंग कर रही है। इस फिल्म को पूरा करने के बाद रश्मिका मंदाना अपनी अगली फिल्म के लिए मुंबई में वापस चली जाएंगी। हालांकि रश्मिका मंदाना का बॉलीवुड का अगला प्रोजेक्ट क्या है इसके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। जैसे ही कोई जानकारी सामने आती है हम आप तक जरूर शेयर करेंगे। इसके अलावा खबरों में कहा जा रहा है कि रश्मिका मंदाना एक पैन इंडिया की फिल्म में भी नजर आने वाली है। जिसमे वो साउथ स्टार जूनियर एनटीआर के साथ नजर आ सकती है।

## शाहरुख खान-जॉन अब्राहम का जबरदस्त एक्शन देखकर उड़ेंगे फैंस के होश

बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इस बेसब्री की दो वजह हैं. एक यह कि इस फिल्म में सलमान खान कैमियो कर रहे हैं. दूसरा यह



कि पहली बार दर्शक शाहरुख खान और जॉन अब्राहम को एक साथ बड़े पर्दे पर जबरदस्त फाइट करते हुए देखेंगे. जॉन इस फिल्म में विलेन की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे. हालांकि, जॉन ने कभी भी इस फिल्म से जुड़े होने की किसी भी खबर पर अपना कोई रिएक्शन नहीं दिया है. इस बीच यह खबर सामने आई है कि शाहरुख खान और जॉन अब्राहम के बीच इस फिल्म के लिए 2 अप्रैल से शूटिंग सीक्वेंस शूट किए जाएंगे. रिपोर्ट के अनुसार यह कंफर्म है कि 'पठान' में जॉन अब्राहम विलेन की भूमिका निभाएंगे. वह पिछले दिनों अपनी अन्य फिल्मों में व्यस्त थे और अब वह 'पठान' की तैयारी कर रहे हैं. जॉन 2 अप्रैल से वाईआरएफ स्टूडियो में शूटिंग शुरू करेंगे. शाहरुख खान और जॉन अब्राहम कई एक्शन सीन के लिए शूटिंग करेंगे. इतना ही नहीं, दीपिका पादुकोण भी इस महीने के आखिर में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी करेंगी. यह संभावना है कि मुंबई में अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम विदेश में फिल्म के अन्य भाग की शूटिंग करेंगे. वाईआरएफ स्टूडियो को आशा है कि पठान को 2022 के शुरुआत में ही रिलीज कर दिया जाएगा. शाहरुख खान और जॉन अब्राहम के एक्शन सीन्स को देखने के लिए दर्शक बेताब हैं. दोनों पहली बार साथ में स्क्रीन शेयर कर रहे हैं. इसके अलावा जॉन अब्राहम को उनके फैंस पहली बार विलेन की भूमिका में भी देखने वाले हैं. इस फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट दर्शकों के बीच देखी जा सकती है।



# दिव्यांका त्रिपाठी ने पूरी की क्राइम पेट्रोल की शूटिंग

सीरियल 'ये है मोहोबतें 'की इशिता यानी एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी दहिया , क्राइम पेट्रोल की होस्ट बनने को लेकर काफी सुर्खियों में थीं और अब हाल ही में उन्होंने शो के रैप अप की अनाउंसमेंट की है. उन्होंने बताया कि यह काफी लंबी शूटिंग थी जो अब खत्म हो चुकी है. महिलाओं पर होने वाले गुनाह के ऊपर बनाई गई क्राइम पेट्रोल की खास सीरीज में दिव्यांका त्रिपाठी को बतौर होस्ट काफी पसंद किया जा रहा था. क्राइम पेट्रोल की पूरी टीम के साथ की तस्वीर अपने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए दिव्यांका ने भावुक होते हुए कहा है, 'क्राइम पेट्रोल की यह टीम बहुत प्यारी और मेरे दिल के बेहद करीब है. उम्मीद है, जल्द ही आप सभी लोगों से मुलाकात होगी. आप सभी को मैं काफी ज्यादा मिस करूंगी. क्राइम पेट्रोल के मेरे कुछ एपिसोड टेलीकास्ट होना अभी भी बाकी हैं. लेकिन फिलहाल शूटिंग का रैप अप हो गया है.' भले ही एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी आज एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के सबसे सफल एक्ट्रेस में से एक है लेकिन हाल ही में उन्होंने अपनी स्ट्रगलिंग के दिनों के बारें में खुलासा करते हुए कहा था कि शुरुआती दिनों में उन्हें काफी ज्यादा टॉर्चर किया गया था. लेकिन फिर भी वो शुक्रगुजार है उन सारी चीजों के लिए जो उन्होंने अपने इस सफर में देखी हैं. दिव्यांका कहती हैं, 'हमें अपने सारे अनुभव, अच्छे हों या बुरे, उन्हें संजोह कर रखना चाहिए क्योंकि वो कुछ ऐसे पल होते हैं जो हमारी लाइफ को सुंदर बनाते हैं.' दिव्यांका ने आगे बताया था कि इंडस्ट्री में कुछ लोगों की तरफ से उन्हें गलत प्रस्ताव दिए गए थे, जिसे उन्होंने तुरंत ठुकरा दिया था. दिव्यांका ने यह भी कहा कि इन प्रस्तावों को ठुकराते वक्त उन्होंने सावधानी बरती थी. कुछ लोग महिलाओं की छवि खराब करने का पूरा प्रयास करते हैं अगर उनका इगो हर्ट हो जाए. दिव्यांका का मानना है कि उनका भी चरित्र हरण करने की कोशिश की गई थी।






## एंथनी का चीन प्रेम

आस्ट्रेलिया के पीएम स्कॉट मॉरिसन को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। यहां हुए आम चुनावों में लिबरल पार्टी की हार हुई है। लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बानीस देश के अगले पीएम होंगे। वैसे तो यहां 6 दावेदार प्रधानमंत्री पद की रेस में थे, लेकिन मुख्य मुकाबला मॉरिसन के गठबंधन और लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बानीस के बीच माना जा रहा था। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन को पिछले चुनावों में भी बहुमत नहीं मिला था, उन्होंने छोटी पार्टियों के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। जापान में होने जा रहे क्वॉड देशों के शिखर सम्मेलन को देखते हुए स्कॉट मॉरिसन ने तत्काल अपनी हार को स्वीकार भी कर लिया। मॉरिसन की हार के बाद अब विपक्षी नेता एंथनी अल्बानीस प्रधानमंत्री बनेंगे। लेबर पार्टी के नेता एंथनी अल्बानीस के बारे में कहा जाता है कि वह चीन के साथ ऑस्ट्रेलिया के संबंधों को संतुलित कर सकते हैं जो स्कॉट मॉरिशन के कार्यकाल में रसातल में चले गए थे। अल्बानीस के नेतृत्व में लेबर पार्टी की सरकार बनने पर पेन्नी वोंग विदेश मंत्री बन सकती हैं जो चीन-मलेशियाई मूल की हैं और फर्राटे से चीनी भाषा बोलती हैं। उन्होंने संकेत दिया है कि चीन के साथ रिश्तों को संतुलित किया जाएगा जो मॉरिसन के कार्यकाल में बहुत खराब हो गए थे। चीनी मूल के ऑस्ट्रेलियाई वोटरों को रिझाने के लिए वोंग ने चीनी भाषा के प्रसार पर ज्यादा पैसा खर्च करने का वादा किया है। उन्होंने यह भी कहा था कि ऑस्ट्रेलिया को दुनिया की महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा में उन्मत्त नहीं हो जाना चाहिए। वोंग ने कहा कि पूरे इलाके में बदलाव में अमेरिका हमारा अभिन्न सहयोगी जरूर है साथ ही अन्य भागीदारों और रिश्तों को मजबूत करना होगा। इसका मतलब दक्षिण पूर्व एशिया में और ज्यादा काम करना है। यह किसी से छिपा नहीं है कि नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे एंथनी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के लंबे समय से प्रशंसक रहे हैं। यही नहीं लेबर पार्टी पर अरबपति हुआंग शिंआंगमो से 1 लाख डॉलर चंदा लेने के भी आरोप लगे हैं। वहीं एंथनी का भारत के साथ खास रिश्ता रहा है और वह भारत ऑस्ट्रेलिया संबंधों को नई ऊंचाई पर ले जा सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया में जंगल में लगी सबसे बड़ी आग के दौरान हवाई द्वीप पर छुट्टियां मनाना, कोरोना वैक्सीन को सही समय पर हासिल करने में असमर्थ रहने और जरूरी मौकों पर एक्शन नहीं लेने की वजह से मॉरिसन को अपनी कुर्सी से हाथ धोना पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया के मतदाताओं ने जलवायु परिवर्तन, चीन और कोरोना को ध्यान में रखते हुए अपना वोट दिया था। मॉरिसन ने जलवायु परिवर्तन को उतनी गंभीरता से नहीं लिया जितना उन्हें लेना चाहिए था। यही नहीं ऑस्ट्रेलिया की नाक के नीचे चीन सोलोमन द्वीप पर अपना सैन्य अड्डा बनाने जा रहा है और मॉरिसन को इसकी हवा तक नहीं लगी। मॉरिसन ने बहुत लंबे समय कोरोना लॉकडाउन लगाए रखा जिससे जनता में काफी गुस्सा देखा गया। नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे एंथनी अल्बानीस ने खुलकर कहा है कि चीन के साथ ऑस्ट्रेलिया के रिश्ते जटिल बने रहेंगे लेकिन चीन के साथ निपटने का एक परिपक्व तरीका भी है। उन्होंने कहा कि घरेलू राजनीतिक फायदे के लिए भड़काऊ बयान नहीं दिए जाने चाहिए। उन्होंने संकेत दिया है कि चीन के साथ रिश्तों को संतुलित किया जाएगा जो मॉरिसन के कार्यकाल में बहुत खराब हो गए थे। यह किसी से छिपा नहीं है कि नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे एंथनी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के लंबे समय से प्रशंसक रहे हैं। यही नहीं लेबर पार्टी पर अरबपति हुआंग शिंआंगमो से 1 लाख डॉलर चंदा लेने के भी आरोप लगे हैं।

# शिवजी की श्रीराम भक्ति एवं सतीजी का मोह भंग

डॉ. नरेन्द्रकुमार मेहता

**लिंग थापि बिधिवत करि पूजा। सिव समान प्रिय मोहि न दूजा।।**
**सिव द्रोही मम भगत कहावा। सो नर सपनेहुँ मोहि न पावा।।**
**संकर बिमुख भगति चह मोरी। सो नारकी मूढ़ मति थोरी।।**
**श्रीरामचरितमानस लंकाकाण्ड 2-3-4**

श्रीराम को शिवजी के समान कोई प्रिय नहीं तथा शिवजी की भक्ति न करने वाला भी श्रीराम को कभी भी स्वप्न में नहीं प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार श्रीराम एवं शिव की भक्ति एक-दूसरे के बिना अपूर्ण है। इसको विशेष रूप से दृष्टिगत रखते हुए श्रीरामचरितमानस में शिवजी की पत्नी दक्षकुमारी सतीजी का श्रीराम की परीक्षा लेने का वर्णन बड़ा ही रहस्यपूर्ण है। सतीजी के पिता दक्ष प्रजापति के द्वारा शिवजी का यज्ञ में भाग न देने एवं शिवजी की निन्दा करने पर सतीजी ने उस समय योगाग्नि में शरीर भस्म कर डाला। तत्पश्चात शिवजी ने यज्ञ विध्वंस करने हेतु वीरभद्र को भेजा आदि का विस्तृत वर्णन दिया जा रहा है।

**एक बार त्रेता जुग माहीं। संभु गए कुंभज रिषि पाहीं।**
**संग सती जगजननि भवानी। पूजे रिषि अखिलेस्वर जानी।।**
**श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड 48 (क)**

एक बार त्रेतायुग में शिवजी अगस्त्य ऋषि के पास गए। उनके साथ जगज्जनी भवानी (सतीजी) भी थीं। ऋषि ने सम्पूर्ण जगत् के ईश्वर जानकर उनका अर्चन-पूजन किया। महर्षि अगस्त्यजी ने रामकथा बड़े ही विस्तारपूर्वक शिवजी को सुनाई, जिससे शिवजी को परमानन्द की प्राप्ति हुई। कुछ दिनों तक रामकथा सुनने के पश्चात् शिवजी दक्षकुमारी सतीजी के साथ कैलास की ओर चल पड़े। उन्हीं दिनों पृथ्वी का भार उतारने के लिए भगवान् विष्णु (श्रीहरि) ने रघुवंश में अवतार लिया था। श्रीराम पिता के वचन से राज्य को त्यागकर तपस्वी वेष में दण्डकारण्य वन में थे। शिवजी के मन में श्रीराम के दर्शन की प्रबल इच्छा हो रही थी। सतीजी इस बात से अनभिज्ञ थीं। रावण ने ब्रह्माजी से अपनी मृत्यु मनुष्य के हाथों से माँगी थी तथा प्रभु श्रीराम यह सत्य करना चाहते थे।

रावण ने मारीच को मायावी-कपट मृग बनाकर सीताजी के पास भेजा तथा छलकर सीताजी का हरण कर लिया। मृग को मारकर श्रीराम अपने भाई लक्ष्मण के साथ आश्रम में आए तब उन्हें सीताजी नहीं मिली, आश्रम खाली था। श्रीराम की आँखें भर गई। श्रीराम का चरित्र-लीलाएँ बड़ी ही विचित्र हैं। उसे श्रेष्ठ ज्ञानी एवं सच्चा श्रीरामभक्त ही समझ सकता है। जो मन्दबुद्धि है वे विशेष रूप से मोह एवं अज्ञान के अंधकार से पीड़ित होने के कारण उनेक चरित्र-लीलाओं को समझ नहीं पाते हैं। संयोगवश शिवजी ने उसी दुःख भरे सीताहरण के बाद श्रीरामजी को देखा और हृदय में अत्यन्त आनन्द प्राप्त हुआ। शिवजी ने उचित अवसर-समय न जानकर परिचय नहीं किया। जगत् को पवित्र करने वाले सच्चिदानन्द की जय, ऐसा कहकर शिवजी चल पड़े। भोलेनाथ बार-बार आनन्द की अनुभूति कर के सतीजी के साथ चले जा रहे थे।

सतीजी को यह सब देखकर मन में बड़ा सन्देह हुआ कि सृष्टि में सब शिवजी की वन्दना करते हैं फिर शिवजी ने एक राजपुत्र को सच्चिदानन्द परमधाम कहकर क्यों प्रणाम किया? जो ब्रह्म सर्वव्यापक, मायारहित, अजन्मा, अगोचर, इच्छारहित और भेद रहित है तथा जिसे वेद भी नहीं जानते क्या वह देह धारण करके मनुष्य हो सकता है? देवताओं के हितार्थ विष्णु भगवान् ने मनुष्य का शरीर धारण किया वे ज्ञान के महासागर-भण्डार है क्या अज्ञानी की तरह एक स्त्री को खोजेंगे। सतीजी ने मन में विचार किया कि शिवजी के वचन कभी भी असत्य नहीं होते हैं। शिवजी तो सर्वज्ञ हैं तथा सतीजी के हृदय में यह सब देखकर अपार सन्देह उत्पन्न हुआ। भवानी (सतीजी) ने यह सन्देह शिवजी के समक्ष प्रकट नहीं किया। किन्तु शिवजी अन्तर्यामी हैं वे सब समझ गए। शिवजी ने सतीजी से कहा सुनो तुम्हारा



स्त्री स्वभाव है, अतः ऐसा सन्देह मन में कभी न रखो।

**जासु कथा कुंभज रिषि गाई। भगति जासु मैं मुनिहि सुनाई।।**
**सोइ मम इष्टदेव रघुवीरा। सेवत जाहि सदा मुनि धीरा।।**
**श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड 51-4**

शिवजी सतीजी से कहते हैं जिनकी कथा का ऋषि अगस्त्य ने गान किया और जिनकी भक्ति मैंने मुनि को सुनाई, वे वही मेरे इष्टदेव श्रीरामचन्द्रजी हैं, जिनकी सेवा ज्ञानी मुनि सदैव करते रहते हैं। शिवजी ने कहा कि श्रीरामजी ने अपने भक्तों के हित के लिए अपनी स्वयं की इच्छा से रघुवंश में अवतार लिया है। यद्यपि शिवजी ने अनेक प्रकार से सतीजी को समझाया किन्तु सतीजी को उनका उपदेश समझ में नहीं आया। उस समय शिवजी के मन में भगवान् की माया एवं प्रभाव जानकर हँसते हुए बोले-

**जौं तुम्हरें मन अति संदेहू। तौ किन जाइ परीछा लेहू।।**
**तब लगि बैठ अहउँ बटछाहीं। जब लगि तुम्ह ऐहहु मोहि पाहीं।।**
**जैसें जाहू मोह भ्रम भारी। करेहु सो जतनु बिबेक बिचारी।।**
**चलीं सखी सिव आयसु पाई। करहि बिचारु करौं का भाई।।**
**श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड 52-1-2**

जो तुम्हारे मन में सन्देह है तुम जाकर उनकी परीक्षा क्यों नहीं ले लेती हो? जब तक तुम मेरे पास लौट आओगी तब तक मैं इसी बड़ (वटवृक्ष) की छाँह में बैठा रहूँगा। किसी भी प्रकार तुम्हारा यह अज्ञान से भरा भारी भ्रम दूर न हो जाए। विवेक से सोच विचार कर तुम वही करना। शिवजी की आज्ञा पाकर सती वहाँ से चल दी और मन में सोचने लगी कि अब क्या करूँ अर्थात् परीक्षा किस प्रकार लूँ। सतीजी के जाने के बाद शिवजी के मन में ऐसा अनुमान किया कि अब सती का कल्याण नहीं है जबकि मेरे समझाने पर भी इनका सन्देह दूर नहीं हुआ। तब लगता है कि विधाता ही उलटे हैं तथा सती का इसमें कुशल मंगल नहीं है।

**होइहि सोइ जो राम रचि राखा। को करि तर्क बढ़ावै साखा।।**
**अस कहि लगे जपन हरिनामा। गई सती तहँ प्रभु सुखधामा।।**
**श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड 52-4**

जो कुछ श्रीराम ने रचकर रखा है, वही होगा। तर्क करके कौन विस्तार (शाखा) बढ़ावे। ऐसा मन में शिवजी भगवान् श्रीहरि का नाम जपने लगे और सतीजी वहाँ गईं जहाँ सुख के धाम प्रभु श्रीरामजी थे। सतीजी ने सीताजी का रूप धारण कर लिया तथा उस मार्ग की ओर आगे चल पड़ी, जिस मार्ग पर सतीजी की विचारधारा के अनुसार मनुष्यों के राजा श्रीराम आ रहे थे।

**लछिमन दीख उमाकृत वेषा। चकित भए भ्रम हृदयँ बिसेषा।।**
**कहि न सकत कछु अति गंभीरा। प्रभु प्रभाउ जानत मतिधीरा।।**
**श्रीरामचरितमानस बालकाण्ड 53-1**

सतीजी के बनावटी वेष को देखकर लक्ष्मणजी आश्चर्यचकित हो गए और उनके हृदय में बड़ा भ्रम हो गया। वे बहुत गम्भीर हो गए, कुछ कह नहीं सके। धीरबुद्धि लक्ष्मण प्रभु श्रीरघुनाथजी के प्रभाव को जानते थे। सब कुछ देखने वाले और सबके हृदय की बात जानने वाले, देवताओं के देवता, स्वामी श्रीराम सतीजी के कपट को समझ गए। स्त्री स्वभाव के अनुसार सतीजी ने सर्वज्ञ भगवान् श्रीराम से छिपाव किया।

## प्रतिभा और ज्ञान

एक संत को जंगल में एक नवजात शिशु मिला। वह उसे अपने घर जे आए। उन्होंने उसका नाम जीवक रखा। उन्होंने जीवक को अच्छी शिक्षा-दीक्षा प्रदान की। जब वह बड़ा हुआ तो उसने संत से पूछा, गुरुजी, मेरे माता-पिता कौन हैं? संत को जीवक के मुंह से यह सुनकर बड़ा आश्चर्य हुआ लेकिन उन्होंने उसे सच बताने का निश्चय किया और बोले, पुत्र, तुम मुझे घने जंगलों में मिले थे। मुझे नहीं मालूम कि तुम्हारे माता-पिता कौन हैं और कहां हैं? जीवक अत्यंत उदास होकर बोला, गुरुजी, अब आत्महीनता का भार लेकर मैं कहां जाऊं? इस पर संत उसे सांत्वना देते हुए बोले, पुत्र, इस बात से दुखी होने के बजाय तुम तक्षशिला जाओ और वहां विद्याध्ययन करके अपने ज्ञान के प्रकाश से संपूर्ण समाज को आलोकित करो। जीवक अध्ययन के लिए चल पड़ा। वहां पहुंचकर वहां के आचार्य को उसने अपने बारे में सब कुछ बता दिया। आचार्य ने उसकी स्पष्टवादिता से प्रभावित होकर उसे विश्वविद्यालय में प्रवेश दे दिया। जीवक वहां पर कठोर परिश्रम के साथ विद्या प्राप्त करने लगा। वहां उसने आयुर्वेदाचार्य की उपाधि प्राप्त की। संपूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के बाद एक दिन आचार्य जीवक से बोले, पुत्र, अब तुम मगध जाकर वहां के लोगों की सेवा करो। यह सुनकर जीवक परेशान हो गया। आचार्य उसे दुखी देखकर बोले, कौन सी बात तुम्हें टीस रही है? जीवक बोला, आचार्य, आप तो जानते ही हैं कि मेरा कोई कुल और गोत्र नहीं है। मैं जहां भी जाऊंगा, लोग मुझ पर उंगलियां उठाएंगे। क्या आप मुझे अपने पास ही नहीं रख सकते? उसकी बात सुनकर आचार्य बोले, वत्स। तुम्हारी प्रतिभा और ज्ञान ही तुम्हारा कुल-गोत्र है। इन्हीं से तुम्हें सम्मान मिलेगा। आचार्य की बातों ने जीवक को नई दिशा दिखाई और वह मगध आ गया।

# भारतीय संस्कृति के अनुसार पत्र-पत्रिका लेने में वामहस्त का निषेध क्यों?

डॉ. शारदा मेहता

श्रीराम-रावण युद्ध दो विपरीत संस्कृतियों का संग्राम है। श्रीराम देव संस्कृति के पोषक हैं, वहीं रावण की संस्कृति दानवी है। देव संस्कृति के श्रीराम क्षत्रिय होते हुए भी स्वभाव से विनम्र, निरभिमानी, विनयशील, गुरुजनों का सम्मान करने वाले तथा एक पत्नीव्रती हैं वहीं रावण जाति से ब्राह्मण होते हुए भी दम्भी, लोलुप, सत्ता का लालची और मायावी रूप धारण कर देव संस्कृति को धोखा देने वाला है।

रावण पाँच भाई थे- अहिरावण, महिरावण, कुम्भकर्ण और विभीषण। रावण के शासनकाल में लंका अपने चरमोत्कर्ष पर थी। कई अवगुणों के होते हुए भी रावण परमवीर, शिवभक्त, प्रकाण्ड विद्वान, तन्त्र विद्या का ज्ञाता तथा प्रसिद्ध वीणा वादक था। रावण की वीणा का नाम रुद्र वीणा था। वह संस्कृत भाषा का परम विद्वान था। वह शिवजी का भक्त था। उसने शिव ताण्डव स्तोत्र की रचना की थी। वह वास्तुकलाविद्, कुशल राजनीतिज्ञ, तन्त्र विद्या को जानने वाला तथा मायावी रूप धारण करने वाला था। सीता-हरण इस बात का स्पष्ट उदाहरण है कि वो पंचवटी में, पर्णकुटी में वह साधु-वेष धारण कर आया।

रावण ने अपने सौतेले भाई कुबेर से युद्ध किया और उसके प्रसिद्ध पुष्पक विमान पर अपना आधिपत्य कर लिया था। रावण अति मानवीय, अलौकिक और अशुभ दानवी संस्कृति का अधिष्ठाता था। श्रीराम शील और सौन्दर्य के चरम प्रतिमान हैं। श्रीरामकाव्यों में हमें सहज सदाचारी मनुष्य की टक्कर एक विपरीत धर्मी दानव के साथ होते हुए परिलक्षित होती है। एक ओर विराट सैन्यबल है तो दूसरी ओर कन्दमूल फल पर निर्भर रहने वाली वानर सेना। श्रीराम एक पत्नीव्रती है। रघुकुलरीति सदा चली आई, प्राण जाय पर वचन न जाई।' को ब्रह्म वाक्य मानने वाले हैं। माता-



पिता की आज्ञा को शिरोधार्य करते हुए वन गमन करते हैं। श्रीराम अपनी प्राण वल्लभा सीताजी तथा प्यारे भाई लक्ष्मण सहित मार्ग में आने वाली विभिन्न बाधाओं का सामना करते हुए पंचवटी पहुँचते हैं। वहाँ सीता के साथ मिलकर पर्णकुटी का निर्माण करते हैं। वहाँ निवास करते हैं। वहाँ रावण भगिनी शूर्पणखा परम सुन्दरी बन कर आती है। उसका सामना श्रीराम-लक्ष्मण से होता है। उसे अपने किए की सजा मिलती है और उसे अपने नाक कान से हाथ धोना पड़ता है। मारीच स्वर्ण मृग का कपट वेश धारण कर माता सीता का ध्यान आकर्षित करता है। रावण साधु का वेश धारण कर सीताजी का हरण करता है। श्रीरामजी स्वर्ण मृग का पीछा करते हैं और सीता जी लक्ष्मणजी को रामजी की दुःखभरी आवाज सुनकर उनकी सहायता के लिए भेजती है। यह कपट पूर्ण आवाज मारीच ही निकालता है। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जहाँ इन वनवासियों के साथ मानव रूप धारण कर दानव धोखा देते हैं। वन में विभिन्न स्थानों पर सीतान्वेषण करते हुए विरह दुःख को कातर श्रीराम-लक्ष्मण ऋष्यमूक पर्वत पर पहुँचते हैं जहाँ ब्राह्मण वेश में हनुमानजी से भेंट होती है। बाली सुग्रीव से भेंट करते हैं। हनुमानजी माता सीता की खोज में निकल पड़ते हैं। श्रीराम के हृदय में आशा की किरण प्रस्फुटित होती है। समुद्र किनारे श्रीराम की सेना पहुँचती है और नल और नील की सहायता से रामसेतु का निर्माण किया जाता है। रावण से तिरस्कृत होकर रावण के छोटे भाई विभीषण श्रीराम की शरण में आते हैं। वे कहते हैं-

**मैं निसिचर अति अधम सुभाऊ।**
**सुभ आचरण कीन्ह-नहीं काऊ।।**
**(श्रीरामचरितमानस सुन्दरकाण्ड दोहा 46/7)**

माता सीता की गणना पंचमहाकन्याओं में होती है- अहल्या, तारा, मन्दोदरी तथा सीता ये रामायणकालीन हैं। केवल द्रोपदी महाभारत कालीन हैं। ऐसी मातृस्वरूपा सीताजी का हरण रावण छद्म वेश में करता है। उन्हें अशोक वाटिका में राक्षसियों के संरक्षण में रखता है। उन्हें मानसिक यातनाएँ दी जाती हैं। जब राम-रावण संग्राम चल रहा होता है तब सीताजी को भयभीत करने के लिए श्रीराम का कटा हुआ नकली सिर (नरमुण्ड) उनके सम्मुख प्रस्तुत किया जाता है। रावण सीताजी को अपने वश में करने की बात कहता है। नकली सीता को रथ में बैठाकर लाया जाता है। इन्द्रजीत उनके बाल पकड़कर घसीटता है। अपनी तलवार से नकली सीता के टुकड़े-टुकड़े करता है जिसे देखकर श्रीराम की सेना में व्याकुलता छा जाती है।

# टूटते संबंध, बढ़ता अवसाद

### सूडोकु नवताल- 6081

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6080 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

डॉ. सौरभ मालवीय

मनुष्य जिस तीव्र गति से उन्नति कर रहा है, उसी गति से उसके संबंध पीछे छूटते जा रहे हैं. भौतिक सुख-सुविधाओं की बढ़ती इच्छाओं के कारण संयुक्त परिवार टूट रहे हैं. माता-पिता बड़ी लगन से अपने बच्चों का पालन-पोषण करते हैं. उन्हें उच्च शिक्षा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं. परिवार में लड़कियां हैं, तो वे विवाह के पश्चात ससुराल चली जाती हैं और लड़के नौकरी की खोज में बड़े शहरों में चले जाते हैं. इस प्रकार वृद्धावस्था में माता-पिता अकेले रह जाते हैं. इसी प्रकार शहरों में उनके बेटे भी अकेले हो जाते हैं.

संयुक्त परिवार टूटने के कारण एकल परिवार बढ़ते जा रहे हैं. एकल परिवारों के कारण संबंध टूट रहे हैं. संयुक्त परिवारों में बहुत से रिश्ते होते थे. दादा-दादी, ताया-ताई, चाचा-चाची, बुआ-फूफा, नाना-नानी, मामा-मामी, मौसी-मौसा तथा उनके बच्चे अर्थात बहुत से भाई-बहन. बच्चे बचपन से ही इन सभी संबंधों को जानते थे, परन्तु अब एकल परिवारों में माता-पिता और उनके दो या एक बच्चे ही हैं. संयुक्त परिवार टूटने के अनेक कारण हैं. रोजगार के अतिरिक्त परिवार के सदस्यों में बढ़ते मतभेद, कटुता एवं स्वार्थ आदि के कारण भी एकल परिवार बढ़ते जा रहे हैं. ऐसी परिस्थितियों में व्यक्ति नितांत अकेला पड़ता जा रहा है. संयुक्त परिवार में समस्याएं सांझी होती थीं. व्यक्ति किसी कठिनाई या समस्या होने पर परिवार के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श कर लेता था. इस प्रकार



उसे समस्या का समाधान घर में ही मिल जाता था. संयुक्त परिवार के बहुत से लाभ हैं. परिवार के प्रत्येक सदस्य की सुरक्षा का दायित्व सबका होता है. किसी भी सदस्य की समस्या पूरे परिवार की होती है. यदि किसी को पैसे आदि की आवश्यकता है, तो पैसे बाहर किसी से मांगने नहीं पड़ते. परिवार के सदस्य ही मिलजुल कर सहयोग कर देते हैं. परिवार में सदस्यों की संख्या अधिक होने के कारण घर और बाहर के कार्यों का विभाजन हो जाता है. प्रत्येक सदस्य अपनी योग्यता और क्षमता के अनुसार कार्य कर लेता है तथा अन्य कार्यों से मुक्त रहता है. ऐसे में उसे अपने लिए पर्याप्त समय मिल जाता है. इसके अतिरिक्त संयुक्त परिवार में रसोई एक होने के कारण खर्च भी कम हो जाता है. उदाहरण के लिए दो या तीन एकल परिवार यदि संयुक्त परिवार के रूप में रहते हैं, तो उन्हें अधिक सामान की आवश्यकता होगी. थोक में अधिक सामान लेने पर वह सस्ता पड़ता है. इसी प्रकार तीन के बजाय एक ही फ्रिज से काम चल जाता है. ऐसी ही और भी चीजें हैं. परिवार के किसी सदस्य के बीमार होने पर उसकी ठीक से देखभाल हो जाती है. परिवार के सदस्य साथ रहते हैं, तो उनमें भावनात्मक लगाव भी बना रहता है. इसके अतिरिक्त बच्चों का पालन-पोषण भी भली-भांति आसानी से हो जाता है. उनमें अच्छे संस्कार पैदा होते हैं. वे यह भी सीख जाते हैं कि किस व्यक्ति के साथ किस प्रकार का व्यवहार करना चाहिए. इसमें बड़ों का सम्मान करना, अपनी आयु के लोगों के साथ मित्रवत व्यवहार करना तथा छोटों से स्नेह रखना आदि सम्मिलित हैं.

आज परिस्थितियां पृथक हैं. मनुष्य किसी भी कठिनाई या किसी संकट के समय स्वयं को अकेला ही पाता है. यदि परिवार में महिला का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, तो तब भी उसे घर का सारा कार्य स्वयं करना पड़ता है, जबकि संयुक्त परिवार में अन्य महिलाएं होने के कारण उसे आराम करने का समय मिल जाता था. साथ ही उसकी भी उचित प्रकार से देखभाल भी हो जाती थी. एकल परिवार में अकेले पड़ जाने के कारण व्यक्ति अवसाद का शिकार हो जाता है. अवसाद एक मानसिक रोग है. इस अवस्था में व्यक्ति स्वयं को निराश अनुभव करता है. वह स्वयं को अत्यधिक लाचार समझने लगता है. ऐसी स्थिति में प्रसन्नता एवं आशा उसे व्यर्थ लगती है. वे अपने आप में गूम रहने लगता है. वह किसी से बात करना पसंद नहीं करता. हर समय चिड़चिड़ा रहता है. यदि कोई उससे बात करने का प्रयास करता है।

## चीन की टक्कर में नया पैंतरा

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने दक्षिण-पूर्व एशिया के 12 देशों को अपने साथ जोड़कर एक नया आर्थिक संगठन खड़ा किया है, जिसका नाम है, ''भारत-प्रशांत आर्थिक मंच (आईपीईएफ)''। तोक्या में बना यह 13 देशों का संगठन बाइडन ने जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ घोषित किया है। वास्तव में यह उस विशाल क्षेत्रीय आर्थिक भागीदारी संगठन (आरसीईपी) का जवाब है, जिसका नेता चीन है। इस 16 राष्ट्रों के संगठन से अब भारत ने नाता तोड़ लिया है। इसके सदस्य और इस नए संगठन के कई सदस्य एक-जैसे हैं। जाहिर है कि अमेरिका और चीन की प्रतिस्पर्धा इतनी तगड़ी है कि अब चीन द्वारा संचालित संगठन अपने आप कमजोर पढ़ जाएगा। बाइडन ने यह पहल भी इसीलिए की है। इस क्षेत्र के राष्ट्रों को जोड़नेवाले ट्रांस पेसिफिक पार्टनरशिप संगठन (टीपीपी) से पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना हाथ खींच लिया था, क्योंकि अमेरिका की बिगड़ती हुई आर्थिक स्थिति में इन सदस्य राष्ट्रों के साथ मुक्त-व्यापार उसके लिए लाभकर नहीं था। अब इस नए संगठन के राष्ट्रों के बीच फिलहाल कोई मुक्त-व्यापार का समझौता नहीं हो रहा है लेकिन ये 13 ही राष्ट्र आपस में मिलकर डिजिटल अर्थ-व्यवस्था, विश्वसनीय सप्लाय श्रृंखला, स्वच्छ आर्थिक विकास, भ्रष्टाचार मुक्त उद्योग आदि पर विशेष ध्यान देंगे। ये लक्ष्य अपने आप में काफी ऊँचे हैं। इन्हें प्राप्त करना आसान नहीं है लेकिन इनके पीछे असली इरादा यही है कि इस क्षेत्र के राष्ट्रों की अर्थ-व्यवस्थाओं को चीन ने जो जकड़ रखा है, उससे छुटकारा दिलाया जाए। बाइडन प्रशासन को अपने इस लक्ष्य में कहां तक सफलता मिलेगी, यह इस पर निर्भर करेगा कि वह इन सदस्य-राष्ट्रों को कितनी छूट देगा। बाइडन-प्रशासन पहले से ही काफी दिक्कत में है। अमेरिका में मंहगाई और बेरोजगारी ने उसकी अर्थव्यवस्था की गति को धीमा कर दिया है और बाइडन प्रशासन की लोकप्रियता पर भी इसका असर पड़ा है। ऐसी हालत में वह इन दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के साथ कितनी रियायत कर पाएगा, इसका अंदाज लगाया जा सकता है। अमेरिका को यह बात तो अच्छी तरह समझ में आ गई है कि शीतयुद्ध काल का वह जमाना अब लद गया है, जब सीटो और सेंटो जैसे सैन्य-संगठन बनाए जाते थे। उसने चीन से सीखा है कि अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए आर्थिक अस्त्र ही सबसे ज्यादा कारगर है लेकिन अमेरिका की समस्या यह है कि वह लोकतांत्रिक देश है, जहां विपक्ष और लोकतंत्र दोनों ही सबल और मुखर हैं।

# नगर निगम के वार्ड आरक्षण की कार्यवाही कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न



**मुरैना।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 24 मई को नगर निगम के वार्ड आरक्षण की कार्यवाही कलेक्टर बी. कार्तिकेयन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव, नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन उप जिला निर्वाचन अधिकारी एलके पाण्डे, समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ सहित विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। आरक्षण प्रक्रिया के तहत मुख्य नगर पालिक निगम मुरैना के 47 वार्डों में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग हेतु 11-11 वार्ड आरक्षित किये गये हैं। जबकि अनारक्षित वार्डों की संख्या 25 है।

जानकारी के अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग हेतु कुल आरक्षित वार्डों की संख्या वार्ड क्रमांक 3, 6, 8, 20, 25, 26, 28, 29, 30, 44 और 47 बताई गई है। जिसमें अनुसूचित जाति महिला वर्ग हेतु कुल आरक्षित वार्डों की संख्या वार्ड क्रमांक 3, 6, 8, 20, 29 व 30 है। अनुसूचित जाति मुक्त वर्ग हेतु आरक्षित वार्डों की संख्या 25, 26, 28, 44, 47 है। अन्य पिछड़ा अनारक्षित वार्डों की संख्या 9, 17, 19, 22, 24, 34, 36, 38, 40, 41 और 46 है जिसमें अन्य पिछड़ा महिला वर्ग अनारक्षित वार्डों की संख्या वार्ड क्रमांक 9, 22, 24, 36, 40, 41 है। अन्य पिछड़ा वर्ग अनारक्षित वार्डों की संख्या वार्ड क्रमांक 17, 19, 34, 38, 46 है।

इसके अलावा अनारक्षित वार्ड क्रमांक 1, 2, 4, 5, 7, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 18, 21, 23, 27, 31, 32, 33, 35, 37, 39, 42, 43 और 45 है। जिसमें से अनारक्षित महिला वर्ग वार्ड क्रमांक 1, 2, 5, 7, 10, 12, 18, 23, 32, 33, 37, 39 और 43 है, जबकि अनारक्षित मुक्त वार्डो की संख्या वार्ड क्रमांक 4, 11, 13, 14, 15, 16, 21, 27, 31, 35, 42, 45 है।

**-जिले की अन्य नगरीय निकायों में वार्ड आरक्षण की कार्यवाही इस प्रकार :** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बी.कार्तिकेयन की अध्यक्षता में 24 मई को मुरैना जिले की नगरीय निकाय सबलगढ, झुण्डपुरा, कैलारस, जौरा, बानमौर, अम्बाह और पोरसा के वार्ड आरक्षण की कार्यवाही संपन्न हुई।

**सबलगढ:** जिसमें सबलगढ नगर पालिका के लिये कुल 18 वार्ड में से अनुसूचित जाति के लिये महिला वार्ड क्रमांक 12, 13 व वार्ड क्रमांक 1 मुक्त रखा गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिये वार्ड क्रमांक 4, 14, 15 रखे गये है, जबकि मुक्त वार्ड क्रमांक 17, 18 रखें गये है। अनारक्षित वर्ग से महिलाओं के लिये वार्ड क्रमांक 6, 7, 8, 9, 10 और मुक्त वार्ड 2, 3, 5, 11, 16 रखें गये है।

**झुण्डपुरा:** नगर पंचायत झुण्डपुरा के लिये 15 वार्ड का आरक्षण किया गया। जिसमें अनुसूचित जाति के लिये 3 वार्ड आरक्षित किये गये है, जिसमें महिलाओं के लिये 7, 15, मुक्त वार्ड 6 रखा गया है। अन्य पिछडा वर्ग महिला के लिये वार्ड क्रमांक 12,13 और मुक्त वार्ड क्रमांक 2, 10 रखे गये है। अनारक्षित महिला वर्ग से 2, 3, 5, 9 और मुक्त 4, 8, 11, 14 वार्ड रखे गये है।

**कैलारस:** नगर पंचायत कैलारस में 15 वार्ड का आरक्षण हुआ, जिसमें अनुसूचित जाति महिला वर्ग से वार्ड क्रमांक 2, 9 और मुक्त वार्ड क्रमांक 3 रखा गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग में महिला वार्ड 7, 15 और मुक्त वार्ड 1, 10 रखे गये है। अनारक्षित वर्ग महिला से 4, 5, 8, 14 और मुक्त वार्ड 6, 11, 12, 13 रखे गये है।

**जौरा:** नगर पंचायत जौरा में वार्ड 18 के लिये आरक्षण किया गया है। जिसमें अनुसूचित जाति महिला के लिये वार्ड क्रमांक 3, 17 और मुक्त वार्ड 16, 18 रखे गये है। अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिये 4, 12, 15, मुक्त वार्ड 1, 9 रखे गये है। अनारक्षित महिला वर्ग के लिये 2, 5, 7, 10, 13 और मुक्त वार्ड 6, 8, 11, 14 रखे गये है।

**बानमौर:** नगर पंचायत बानमौर में 15 वार्डो का आरक्षण किया गया है। जिसमें अनुसूचित जाति महिला के लिये वार्ड क्रमांक 13,14, मुक्त 6, 8 वार्ड रखे गये है। अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये महिला वार्ड 3, 11, मुक्त वार्ड क्रमांक 15 रखा गया है। अनारक्षित महिला वर्ग में वार्ड क्रमांक 2, 5, 7,12 और मुक्त वार्ड 1, 4, 9, 10 रहेंगे।

**अम्बाह:** नगर पालिका अम्बाह में वार्ड 18 का आरक्षण किया गया है। जिसमें अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिये वार्ड क्रमांक 10,11 रखे गये है, जबकि मुक्त वार्ड 17 रखा गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग में महिला के लिये वार्ड क्रमांक 7, 13, 15 रखा गया है। मुक्त वार्ड 1, 18 रखे गये है। अनारक्षित वर्ग महिला में वार्ड क्रमांक 2, 5, 9, 14, 16, जबकि मुक्त वार्ड 3, 4, 6, 8, 12 रखे गये है।

**पोरसा:** नगर पालिका पोरसा में 15 वार्डो के लिये आरक्षण किया गया। जिसमें अनुसूचित जाति महिला के लिये वार्ड क्रमांक 9, 10 और मुक्त वार्ड क्रमांक 2 रखा गया है। अन्य पिछड़ा वर्ग महिला में वार्ड क्रमांक 6, 8 रखे गये है।

## हथियार के साथ सोशल मीडिया पर फोटो डालने वाला बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

**मुरैना।** सिहोंनिया थाना पुलिस ने गत दिवस सोशल मीडिया पर हथियार लेकर फोटो डालकर सुर्खियां बटोर रहे एक बदमाश को सोमवार की देर रात पुरावस मोड से गिरफ्तार कर अवैध हथियार बरामद किया है। जानकारी के अनुसार गत दिवस सोनू बघेल नामक बदमाश में हथियार के साथ अपना एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किया, जो चर्चा का विषय बना हुआ था। इस मामले को पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने गंभीरता से लिया और अधिनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए, जिस पर सिहोंनिया थाना प्रभारी पवन सिंह भदोरिया ने कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर से सोमवार की देर रात पूरावस् मोड़ से सोनू बघेल को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि कुछ दिनों से सोनू अपने कुछ अन्य साथियों के साथ क्षेत्र में वारदात करने की योजना बना रहे थे, ऐसी मुखबिर से सूचना मिली। जिस पर से तत्काल कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं उसके कब्जे से 315 बोर का कट्टा कारतूस बरामद कर आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया है।




## मोबाईल चोर आरोपी को 01 वर्ष का सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

**मुरैना।** ट्रेन के अंदर यात्री का मोबाईल चोरी करने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी रिंकू कुशवाह पुत्र उदयसिंह कुशवाह, उम्र- 25 वर्ष, निवासी- ग्राम जौरी थाना सिविल लाईन मुरैना म.प्र. को भारतीय दण्ड विधान की धारा 379, 201, 411 में दोषी पाते हुये 01 वर्ष के सश्रम कारावास व कुल 5,000/-रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि फरियादी मुकुल जैन ने थाना जी.आर.पी. मुरैना में उपस्थित होकर एक मोबाईल चोरी होने के संबंध में एक लेखीय आवेदन प्रस्तुत कर व्यक्त किया कि वह 10 जनवरी 2017 को ट्रेन के जनरल कोच में दिल्ली से ग्वालियर की यात्रा कर रहा था कि मुरैना स्टेशन निकलने के बाद उसका मोबाईल कीमत 11,980/- रूपये का कोई अज्ञात बदमाश ने चोरी कर लिया था।

# वन स्टॉप सेंटर ने नाबालिंग बालिका को सही राह दिखाई




**मुरैना।** एक बालिका जिसका नाम रोशनी (परिवर्तित नाम) उम्र 17 वर्ष निवासी मुरैना यह कहानी नाबालिग के रोशनी का वन स्टॉप सेंटर मुरैना पर बाल कल्याण समिति के आदेश से अस्थाई आश्रय हेतु आई बालिका बहुत डरी सहमी थी। क्योंकि उसने अपने माता- पिता के खिलाफ जाकर अपनी शादी रुकवाने की हिम्मत दिखाई थी। रोशनी एक छोटे से गाँव की रहने वाली थी, जहाँ बालिकाएं अपनी मर्जी से कुछ भी नहीं कर सकती है। रोशनी के माता पिता ने उसकी शादी उसकी मर्जी के बगैर तय कर दी और उसे बताया तक नहीं था। रोशनी रोशनी अपनी आगे की पढ़ाई और करना चाहती थी। लेकिन जब उसे पता चला कि कल उसकी लगुन होने वाली है तो यह निरास हो गई और उसने इंटरनेट के द्वारा चाईड लाईन 1098 का नंबर निकाल कर उस पर शिकायत दर्ज कराई चाईड लाईन को माता पिता के द्वारा कराये जाने वाले बाल विवाह के बारे में बताया। चाईडलाईन 1098 मुरैना एव परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास मुरैना के द्वारा बाल विवाह को तुरंत रुकवाया गया और बालिका को बाल कल्याण समिति मुरैना के समक्ष पेश कर वन स्टॉप सेंटर मुरेना पर अस्थाई आश्रय हेतु लाया गया।


बालिका ने वन स्टॉप सेंटर मुरैना में अपने कथनी बताया कि वह अपने घर जाने के लिये तैयार नहीं है. उसे डर था कि उसके घरवाले उसके साथ मारपीट करेंगें। वन स्टॉप सेंटर मुरैना पर लगातार परामर्श दिया गया। तब बालिका के अन्दर हिम्मत आई और वह अपने माता पिता के साथ जाने को तैयार हो गई । मैं आगे पढ़ाई करूंगी और अपने पैरों पर खड़ी हो कर अपने माता पिता का सहारा बनूगी और उनकी मर्जी से ही बालिग होने पर शादी करुँगी । वन स्टॉप सेंटर मुरैना के प्रशासक श्रीमती अपूर्वा चौधरी द्वारा उसके माता पिता को वन स्टॉप सेंटर मुरैना पर बुलाया गया और उन्हें परामर्श दिया गया कि आपकी बेटी ने सही कदम सही समय पर उठाया और अपना जीवन बर्बाद होने से बचा लिया और साथ ही आपको भी एक कानूनी अपराध करने से बचा लिया, क्योंकि बाल विवाह एक कानूनन अपराध है। उनकी भी समझ में आया और उन्होंने कहा कि हम अपनी बेटी की शादी अभी नहीं करेंगें, उसे पढायेगे तब तक वह पढना चाहेगी और उसकी शादी पर ध्यान न देकर उसके भविष्य बनाने पर ध्यान देंगे व उसके आत्म निर्भर होने पर उसकी मर्जी से उसकी शादी करेंगे। आपने हमारी आँखे खोल दी हमें और हमारी बेटी को सही दिशा दिखाई। जिसके लिये हम वन स्टॉप सेंटर मुरैना के आभारी है।

## कड़े मुकावले में चम्बल डिवीजन बॉयज अंडर-14 की टीम विजयी घोषित

### यशवर्धन और अजनेश संयुक्त रुप से प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए




**मुरैना।** एम पी सी ए के करुआ मैदान पर चल रही रामेश्वर प्रताप बॉयज अंडर-14 ट्रॉफी को चम्बल डिवीजन ने जीत कर इस सत्र की तीसरी ट्रॉफी पर कब्जा किया है। 21 मई से शुरू हुये तीसरे मैच बिना किसी परिणाम के सामाप्त हो गया । टॉस जीतकर टीम चम्बल के कप्तान यशवर्धन चौहान ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। चम्बल डिवीजन ने कृष्णा राजोरिया के 95 और यशवर्धन के 81 रनों की मदद से पहली पारी मे 301 रन बनाये, जबकि रेस्ट ऑफ एमपी बी की टीम के तरफ से अजनेश ने 7 विकेट लिये जवाव मे रेस्ट ऑफ एमपी बी टीम ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक 8 विकेट के नुकसान पर 232 रन बनाए। चंबल की तरफ से यशवर्धन ने सर्वाधिक चार विकेट लिए। इस तरीके से यह मुकाबला ड्रॉ रहा। यशवर्धन और अजनेश के बेहतरीन खेल के लिए संयुक्त रुप से प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। चंबल डिवीजन में सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हुए यह ट्रॉफी जीत ली। इस मौके पर मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के जूनियर चयन समिति के अध्यक्ष करण सिंह शेखावत, एमपीसीए के मैच ऑब्जर्वर रविन्द्र तिवारी मौजूद थे। साथ ही चंबल डिवीजन के सचिव तस्लीम खान, सह सचिव अशोक यादव एवं अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। इस जीत पर चम्बल डिवीजन के अध्यक्ष ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत मेहता ने टीम सहित कोच और टीम मैनेजर को बधाई दी है। चम्बल डिवीजन के पूरे परिवार ने इस जीत पर हर्ष व्यक्त किया।



## महंगाई के खिलाफ और 7 सूत्रीय मांगों को लेकर वामपंथी दल का अभियान आज से आरम्भ



**मुरैना।** लगातार बढ़ती महंगाई, कारपोरेट घरानों को छूट और आम जनता पर बढ़ते बोझ के विरोध में वामपंथी दलों के देशव्यापी अभियान के तहत मध्यप्रदेश में भी वामपंथी दल- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और भाकपा (माले) मिलकर और व्यापक अभियान चलाएंगे। इस क्रम में मुरैना जिले में भी सभी वामपंथी दल आज 25 मई से 31 मई तक महंगाई के खिलाफ और 7 सूत्रीय मांगों को लेकर आन्दोलन करेंगे।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव अरविंद श्रीवास्तव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) की केंद्रीय कमेटी के सदस्य देवेन्द्र सिंह चौहान ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि एक ओर महंगाई बढ़ रही है, दूसरी ओर बेरोजगारी अपने पुराने रिकॉर्ड तोड़ रही है। गेहूं की सरकारी खरीदी पिछले साल की तुलना में देश भर में आधी और मध्यप्रदेश में एक तिहाई रह गई है। जिससे जाहिर है कि आने वाले दिनों में खाद्यान्न का संकट और महंगाई और बढ़ने वाली है। वामपंथी दलों के नेताओं ने कहा है कि 7 सूत्रीय मांगों में पेट्रोलियम उत्पादों पर लगे सारे सरचार्ज और टैक्स वापस लेने, शहरी क्षेत्रों के लिए भी रोजगार गारंटी कानून बनाने, केंद्र और राज्य सरकार के विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र में रिक्त पड़े पदों को भरने की मांग शामिल है। वामपंथी दलों के अनुसार यह अभियान आज 25 मई से 31 मई तक चलाया जाएगा। वामपंथी दल इस दौरान धरने, प्रदर्शन, सभाओं इत्यादि के माध्यम से इन मुद्दों को जनता के बीच ले जाएंगे। सभी इकाईयों को भी संयुक्त बैठकें कर अभियान चलाने का आह्वान किया गया है।

# जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पत्रों को अधिकारी गंभीरता से निराकरण करें: सीईओ

### जनसुनवाई में 114 आवेदन पत्रों पर हुई सुनवाई



**मुरैना।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई लोगों के लिये वरदान बन गई है। एक नहीं अनेकों लोगों को जनसुनवाई से लाभ मिल रहा है। 24 मई को जनसुनवाई जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह द्वारा की गई। जिसमें उन्होंने 114 आवेदन पत्रों को सुना, जिसमें से 19 आवेदन ऐसे पाये गये, जिनका 24 घंटे के अंदर निराकरण किया जाना संभव था। जिला पंचायत के सीईओ ने तत्काल आवेदनों को वाट्सएप्प के माध्यम से उन अधिकारियों को भेजे, जिनकों त्वरित गति से उन आवेदनों का निराकरण करना था। जनसुनवाई के दौरान संयुक्त कलेक्टर सुरेश बराहदिया सहित समस्त अधिकारी मौजूद थे। जिला पंचायत के सीईओ श्री सिंह ने जनसुनवाई के दौरान मुरैना वायपास रोड निवासी श्रीमती गुड्डन तोमर का आवेदन सुना। आवेदन में बताया गया कि पति की मृत्यु 4 वर्ष पूर्व हो चुकी है। श्रीमती तोमर किराये के मकान में निवासरत है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत करने की मांग की। जिला पंचायत के सीईओ ने आवेदन नगर निगम के सहायक कमिश्नर को उपलब्ध कराया। इसके अलावा गडौरा पुरा निवासी श्रीमती नीतू पत्नि अमर सिंह ने आवेदन प्रस्तुत किया कि मेरे पति ने अपनी मां के कहने पर पूरा मकान बेच दिया है, मुझे रहने के लिये जगह नहीं है और मुझे मारपीट कर मेरे मायके भेज देता है। जिला पंचायत के सीईओ ने आवेदन को तत्काल वन स्टॉप सेन्टर की प्रभारी श्रीमती अपूर्वा चौधरी को निराकरण हेतु प्रस्तुत किया। जनसुनवाई में अविवादित, विवादित, नामान्तरण, बंटवारा, महिला बाल विकास, ट्रायवल, सामाजिक न्याय, पेंशन, पिछड़ा वर्ग सहित अन्य विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये है, जिनका निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

# मुरैना एसपी के कड़ें निर्देश लापरवाही पर कार्रवाई के लिए रहें तैयार...

## ऐसा माहौल बनाएं कि अपराधियों में हो खौफ और जनता के दिल में सम्मान हो पुलिस के प्रति...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**मुरैना...** मुरैना पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने पहली चुनाव प्रक्रिया समीक्षा बैठक में अधिकारियों को चेताया है कि लापरवाही पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें।ऐसा माहौल बनाएं की अपराधियों में खौफ हो और पुलिस के प्रति जनता के दिल में प्यार। बेसिक पुलिसिंग में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने के सख्त निर्देश देते हुए उन्होंने अधिकारियों से कहा चुनाव के दौरान अपराध करने बालो पर शक्त कारबाही करे और लंबित प्रकरणों का निराकरण अभियान चलाकर करने के निर्देश दिए है।

पुलिस अधीक्षक ने अम्बाह पोरसा निरीक्षण के बाद शहर मे फ्लैग मार्च निकाल कर ब्यापारी बर्ग से शान्ति ब्यबस्था का जायजा लिया और पूछा आपको शहर में पुलिस दिखती है कि नही मोटर साइकिल पर तीन सबारी बैठाने बालो में भय है कि नही इस पर लोग चुप रहगये तो उन्हौने अम्बाह टीआई को निर्देश दिये शहर में पुलिस दिखना चाहिये आगे से मुझे यह बिल्कुल पंसन्द नही होगा ब उन्हौने जिले व तहसीलो में लंबित अपराधों तथा महिला एवं बच्चों संबंधी अपराधों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों में कड़ी आपत्ति जताते हुए लंबित अपराध, लंबित चालान, लंबित मर्ग के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए उनकी शिकायत रिपोर्ट पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि अपराध घटित होने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंचे।आम जनता का पुलिस के प्रति विश्वास तथा अपराधियों में पुलिस का खौफ हो प्रत्येक दिशा में अच्छा कार्य कर जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास को बढ़ाना है।

पंचायत व नगरी निकाय चुनाव होना अब निश्चित है सो मुझे कारबाही चाहिये अपराधिक रिकॉर्ड देखकर कारबाही सुनिश्चित करे अगर







थाने में फरियादी आता है तो दौना पक्षो को सुनकर कारबाही करे नोकरी बाला व लायसेन्सी हथियार सम्बधित एफआईआर को बारीकी से जॉच कर कायमी करे असत्यता पाई गई तो थाना प्रभारी जरूर नपेगे ध्यान रखे और हम जानकारी मॉगे तो सत्य बताये नही तो नूराबाद का नजरिया आपने देख ही लिया लाइन अटेच ही कर दिये जाओगे

सामुदायिक पुलिसिंग को और भी बेहतर करना है।पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सेवा करना है जिसके प्रति पुलिस अधिकारी, कर्मचारी को समर्पण भाव से करना है। थाना, चौकी के फरार आरोपितो की अविलंब गिरफ्तारी समय से पूर्व विवेचना पूर्ण कर चालान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया।एसपी ने कहा कि फरियादियों द्वारा अपनी शिकायत लेकर थाना, चौकी, एसडीओपी कार्यालय व पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आने पर उनके साथ शालीन एवं मर्यादित व्यवहार करने एवं उनकी शिकायत आवेदन पर वैधानिक, उचित कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का निराकरण समय सीमा में किया जाना सुनिश्चित करें, लापरवाही पाए जाने पर दंडित करने की चेतावनी दी गई।पुलिस अधीक्षक द्वारा जन सुनबाही से प्राप्त शिकायतो का सात दिवस के भीतर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने हेतु जनसुनबाही कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

जनसुन बाही में प्राप्त शिकायतों का निराकरण समयावधि के भीतर करें। समयावधि में जांच प्रतिवेदन नही भेजने पर बिना स्पस्टीकरण लिए दंडात्मक कार्यवाही करने कहा गया। सायबर से संबंधित मामलों में सतकर्ता बरतने तथा थाना,चौकी क्षेत्र के लोगों को सतर्क रखने एवं गुम बालक-बालिकाओं के प्रकरणों में तत्काल टीम गठित कर खोजबीन करने हेतु सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए।उन्होंने थाना, चौकी प्रभारियों को अपने थाना क्षेत्र में पुलिसिंग व्यवस्था में कसावट लाने तथा एसडीओपी एवम थाना चौकी प्रभारी अपने- अपने क्षेत्र में शाम के बाद गश्त पर निकले तथा पेट्रोलिंग नियमित करें। बैंक, एटीएम चेक करें संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया

## कुशवाह बने किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष कसरीकर्ताओ ने किया स्वागत।



**पुष्पांजली टुडे**

**गोरमी।** भाजपा युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संतोष सिंह भदोरिया हर्ष व्यक्त करते हुए बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय देपुरिया ने पार्टी के जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर एबम संगठन के वरिष्ठ नेताओं की सहमति से गोरमी मंडल में विजय कुशवाह को किसान मोर्चा का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जगह जगह स्वागत कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनमे मुख्य रूप से संस्कार शिक्षा अकैडमी परिसर में स्वागत कार्यक्रम रखा गया एवं पार्टी के वरिष्ठ तत्व को धन्यवाद दिया कि आपने एक जमीनी कार्यकर्ता को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी स्वागत करने वालों में मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक वरिष्ठ नेता गोकुल सिंह परमार दलवीर सिंह तोमर निर्मल आर्य नीरज यादव शिवराज परमार रणवीर परमार शिवराज यादव मोनू शर्मा उज्ज्वल कटारे राजेश मिश्रा शिवम यादव पवन तोमर जंडेल सिंह परमार रज्जन सिंह भदौरिया आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अंबाह की ग्राम पंचायत बिचौला मैं शासकीय कार्य के निर्माण मैं धड़ल्ले से हो रहा चंबल नदी के रेत का उपयोग जिम्मेदार प्रशासन संज्ञान ले

**गणेश शंकर राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**

**अम्बाह।** ग्राम पंचायत बिचौला में प्रतिबंध के बाद भी निर्माण कार्यों में चंबल नदी के रेत का उपयोग हो रहा है।



खासबात यह है कि सरपंच,सचिव और सहायक सचिव इस विषय मैं सबको ज्ञात है जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बिचौला में वर्तमान में रामनिवास के घर से कच्चे नाले की ओर रोड और नाले का निर्माण किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य में सरेआम चंबल के रेत का उपयोग किया जा रहा है। रेत के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए टास्क फोर्स कई सालों से बनाया गया है। उसके बावजूद भी वन विभाग की टीम कहीं भी कोई कार्रवाई नहीं करती। जिससे यह कार्य बदस्तूर जारी है जिम्मेदार अधिकारी और प्रशासन संज्ञान ले

## भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष घोषित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दर्शन सिंह एवं पार्टी जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर की सहमति से किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय दैपुरिया ने देर रात तक मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है, शेष मंडल अध्यक्षों की घोषणा अति शीघ्र की जाएगी ।




भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय दैपुरिया ने अपनी नवीन मंडल अध्यक्ष अध्यक्षों की । किसान मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अजय शर्मा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि लहार विधानसभा क्षेत्र के मंडल अध्यक्षों में मछंद जीतेंद्र सिंह राजावत जीतू, मिहोना संजीव पाराशर, लहार अशोक चौधरी, असवार प्रमोद शर्मा, दमोह राकेश सिंह यादव, आलमपुर धीरज कौरव, विधानसभा क्षेत्र में गांव के मेहगांव सुमित उपाध्याय, गोरमी विजय कुशवाहा, सोनी मुन्ना सिंह नरवरिया, दंदरौआ अखिलेश सिंह भदौरिया, रोन आसाराम सिंह कुशवाह, अमायन संतोष समाधिया, गोहद विधानसभा गोहद नगर सतीश सिंह सिकरवार, गोहद ग्रामीण हरविंद्र कौरव, मालनपुर हरप्रीति गिल सरदार, चितौरा रामप्रकाश कटारे, मौ पर्वत जादौन को नित्य किया गया है द्य किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय दैपुरिया ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों से कहा कि किसान मोर्चा के संगठनात्मक ताकत को मजबूत करने के लिए बूथ केंद्रों पर सर्व समाज को साथ लेकर अपनी मंडल कार्यकारिणी का गठन समय सीमा में कर संगठन को गति प्रदान करें ताकि पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों को पूर्ण बहुमत के साथ विजय श्री मिले और वह जिला पंचायत और जनपदों में बैठ कर अपना नेतृत्व प्रदान कर सकें

## बच्चों को तरासने का कार्य शिक्षक का - सी ई ओ जिला पंचायत उमराव सिंह

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-निपुण भारत के अंतर्गत मिशन अंकुर कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 एव 2 मे अध्यापन कराने बाले शिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय बेच के प्रारम्भिक सत्र मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवपुरी उपस्थित थे , सत्र का



प्रारंभ मरावी सर द्वारा माँ सरस्वती पर दीप प्रज्वलन कर किया गया , कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मॉडल प्राचार्य विनय गोपाल बहरे उपस्थित थे , प्रारम्भिक सत्र मे शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह कुम्हार गीली मिट्टी को पीट पीट कर एक घड़े का निर्माण करता है , आपका भी बही दायित्व है कि बच्चों को अच्छे तरीके से अध्यापन कराकर उन्हे श्रेष्ट नागरिक बनाएं । आपका दायित्व किताबों तक सीमित न हो आप उन्हे सामाजिक ओर नैतिक दायित्व भी सिखाएं ÷मैं आज भी जब पुराने शिक्षक कहीं पर दिख जाते है तो मैं चरण बंदन करने से नहीं चूकता÷, उनके शानदार अध्यापन एवं दिए गए संस्कारों के कारण मे इतने बढ़े पदीय दायित्व का निर्वहन कर रहा हूँ, आप भी पूरी ईमानदारी के साथ बच्चों का भविष्य बनाने मे कुम्हार जैसी रूप रेखा दिखाएं , मे आप सभी को प्रणाम करता हूँ, दूसरे चरण मे बी आर सी सी अंगद सिंह तोमर ने बातया कि इस चरण मे 80 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना था , जबकि 70 शिक्षक उपस्थित रहे , अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया जाएगा । प्रशिक्षण मे शिक्षकों हेतु शानदार व्यबस्थाओ के लिए एवं शानदार प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए बी आर सी सी अंगद सिंह तोमर को शुभकामनाए दी ।

## संगठन के कार्यकर्ता पार्टी की रीड : राष्ट्रीय सचिव सुधांशु त्रिपाठी

### तानाशाह सरकार के खिलाफ रोडो पर लड़ने वाले कार्यकर्ताओं को मिलेगा नगरी निकाय चुनाव में मौका - मान सिंह कुशवाहा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव मध्य प्रदेश के सह प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी व जिला कांग्रेस के प्रभारी पूर्व मंत्री बालेंद्र शुक्ला ने एक दिवसीय दौरे पर भिंड सर्किट हाउस में जिले भर के ब्लॉक अध्यक्षों से एक एक कर संगठन की गतिविधियों के बारे में जानकारी ली उसके बाद जिला और प्रदेश के पदाधिकारियों से सामूहिक चर्चा करते हुए कहा आने वाले नगरीय निकाय व पंचायतों के चुनाव में कांग्रेस ऐतिहासिक जीत दर्ज करें इसके लिए हम सबको प्राण पथ से जुटना है इसी क्रम में जिला कांग्रेस के प्रभारी बालेंद्र शुक्ला ने कहा भिंड जिले में मंडलम सेक्टर गठन प्रक्रिया सदस्यता अभियान में कार्यकर्ताओं ने जो मेहनत की वह सराहनीय है नगरी निकाय व पंचायत के चुनाव कांग्रेस के लिए सेमीफाइनल जैसे हैं कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने कहा महंगाई से जिस प्रकार से आम जन परेशान हैं बेरोजगारी के कारण युवा परेशान है इसका असर नगरी और पंचायत चुनाव में देखने को मिलेगा और कहां भाजपा की तानाशाह सरकार के विरोध में जो कार्यकर्ता रोड़ों पर आकर लड़ रहा है उन्हें ही नगरीय निकाय चुनाव में मिलेगा पार्टी से टिकट मौका बैठक में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया, शहर अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद बघेल आशीष गुर्जर ,संग्राम सिंह तोमर ,रामअवतार चौधरी, संतोष त्रिपाठी एवरन सिंह बघेल चतुर सिंह नरवरिया राजा सिंह भदोरिया इत्यादि ब्लॉक अध्यक्ष उपस्थित हुए व कार्यकर्ताओं में राहुल सिंह राजावत, रेखा भदोरिया, ममता मिश्रा, बृजेंद्र सिंह कल्लू ,बाबा भगवानदास सेथिया, संदीप मिश्रा, दीपू दुबे ,अनिल भारद्वाज, आशुतोष शर्मा अमित दातरे आदि लोग उपस्थित थे।



## महेन्द्र मुणोत ने संगीत सौरभा कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूर ।–** सोमवार को साहित्य फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चौडाया मेमोरियल हॉल बेंगलुरु में आयोजित संगीत सौरभा कार्यक्रम का मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत का एस पंतुलु एवं नागमणि वेणु गोपाल ने धन्यवाद दिया।

## रूपावई के निर्माणाधीन पुल पर धूल के गुब्बारों से रोजाना हो रहे है हादसे

**महेन्द्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**मौ - भिंड।** आर. सी. एल. कंपनी द्वारा निर्माणाधीन मौ सेंवढ़ा मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम रूपावई हनुमान मंदिर के पास निर्माणाधीन आधे अधूरे निर्मित पुल के आगे पीछे और साइड के किनारे डाली गई मिट्टी की धूल के गुब्बारों से सड़क पर वाहनों के फिसलने से आये दिन हादसे हो रहे हैं ! अफ़सोस तो इस बात का हैं कि सड़क निर्मित करने वाले कंपनी के अमले को राहगीरों की यह समस्या नज़र नहीं आ रहीं हैं ! कंपनी न तो सड़क ही ठीक से बना रहीं हैं और न ही उक्त निर्माणाधीन पुल के किनारे डली कच्ची मिट्टी की कुताई कराई जा रहीं हैं ! न मिट्टी के गुब्बारों को दबाने के लिए पानी डलवा या जा रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह का आरोप है कि उक्त समस्या के निदान हेतु जिला प्रशासन और कम्पनी के अधिकारियों को भी कई बार अवगत कराया जा चुके है फिर भी समस्या जस की तस बनी हुई है।



## शिवपुरी पुलिस ने अवैध शराब माफिया के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 02-02 हजार के इनामी फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-शिवपुरी जिले के पुलिस थाना कोलारस पर दिनांक 31.01.2022 को कोलारस पुलिस द्वारा ग्राम सिद्धपुरा से 1400 लीटर ओ.पी. शराब तथा 60 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई थी जिसके आरोपी पंकज पुत्र रामपाल कंजर उम्र 37 साल एवं रामपाल पुत्र कन्हैया कंजर उम्र 40 साल निवासी गण सिद्धपुरा थाना कोलारस मौके से फरार हो गये थे जिनके विरूद्ध थाना कोलारस मे अपराध क्रमांक 33/22 एवं 34/22 धारा 34(2),49क आवकारी एक्ट पंजीबद्ध किये गये थे । उपरोक्त आरोपीगणो पर पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी द्वारा 02-02 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था । जिला शिवपुरी मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देश से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भुरिया के मार्गदर्शन मे शराब माफियाओ एवं फरार आरोपियो की धरपकड़ के चलाये जा रहे अभियान मे एस.डी.ओ.पी. कोलारस श्री विजय कुमार यादव द्वारा टी.आई. कोलारस मनीष कुमार शर्मा को सख्?त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किये जाने पर पुलिस थाना कोलारस की दो टीमें घटित की गई जिन्होने आज दिनांक 24.05.2022 को 02-02 हजार रूपये के फरार ईनामी माफियाओ पंकज कंजर , रामपाल कंजर को गिरफ्तार कर लिया है और उनके पास से 10-10 लीटर कच्ची शराब एवं शराब बनाने के उपकरण भी जप्त किये गये है । ईनामी बदमाशो के पूरे परिवार पर महिलाओं सहित करीब 30 प्रकरण अवैध शराब के थाना कोलारस एवं जिले के अन्य थानों में दर्ज है ।




इस कार्यवाही में निरीक्षक मनीष कुमार शर्मा, उनि0 हुकुम सिह मीणा ,सउनि0 रामसिंह भिलाला, प्र.आर. 475 नरेश दुवे, प्र.आर. 394 विशाल सिंह, प्र0आर0 776 नीतू सिंह , प्र.आर 475 नरेश दुवे , आर. 958 अनिल जादौन , आर. 237 नाहर सिंह, आर0 565 गजराज सिंह, आर. सुनील रघुवंशी, आर. 90 परवेन्द्र रावत, आर. 763 दिग्विजय सिंह, आर. 925 बलवीर सिंह की विशेष भूमिका रही ।

पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव से पहले होनी है बड़ी प्रशासनिक सर्जरी, मुख्यमंत्री मुख्य सचिव और डीजीपी के साथ कर चुके हैं मंथन

# बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल की तैयारी, बदले जाएंगे कई जिलों के कलेक्टर व एसपी

**भोपाल।** पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव से पहले प्रशासनिक फेरबदल करने की तैयारी जारी है। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा बीते रोज मुख्यसचिव इकबाल सिंह बैंस व डीजीपी सुधीर सक्सेना के साथ मंथन किया गया है। इसके साथ ही बैठक में नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव की तैयारियों पर भी चर्चा की गई है। इस फेरबदल में लंबे समय से रिक्त पड़े कमिश्नर चंबल का पद भी भरा जा सकता है। अतिविश्वसनीय सूत्रों की माने तो इस फेरबदल में सिवनी, गुना, शिवपुरी, सिंगरौली, बुरहानपुर, कटनी, मंडला आदि जिलों के कलेक्टरों को इधर उधर किया जा सकता है। इनमे कुछ अधिकारियों को अन्य जिलों में भी भेजा जा सकता है। इसी तरह सिवनी, धार, छतरपुर, गुना, शिवपुरी, दतिया, शहडोल, सिंगरौली, डिंडोरी, मंडला आदि जिलों के एसपी को इधर-उधर किया जा सकता है। दरअसल सूबे के कई जिलों में एक के बाद एक हुई हिसंक घटनाओं के बाद अब बड़े पैमाने पर सरकार पुलिस महकमे के आला अफसरों को बदलने की तैयारी कई दिनों से कर रही है। पुलिस की इस होने वाली बड़ी प्रशासनिक सर्जरी में एसपी से लेकर एडीजी तक के ताबदले होना तय है। फिलहाल एक दर्जन जिलों के पुलिस कप्तानों के नाम इस सूची में बताए जा रहे हैं। दरअसल खरगोन, रायसेन, सिवनी और अब गुना में हुई हिंसक घटनाओं से सरकार की न केवल किरकिरी हो रही है, बल्कि सूबे की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा होने शुरू हो गए हैं। पुलिस विभाग को नए मुखिया मिलने के बाद से ही विभाग में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की तैयारी की चर्चाएं बनी हुई हैं। इस बीच पुलिस मुख्यालय द्वारा अपने स्तर पर तबादला सूची को तैयार करने काम किया जा रहा था। अब यह सूची बनकर तैयार हो चुकी है जिस पर अब शासन स्तर से मंजूरी का इंतजार बना हुआ है। सूत्रों की माने तो इस सूची में एक दर्जन के करीब जिलों के एसपी को हटाने की तैयारी है। साथ ही कई रेंज के आइजी, डीआइजी भी बदले जाएंगे। इस सूची में मैदानी स्तर पर नए सिरे से उन अफसरों को पदस्थ करने के लिए नाम शामिल किए गए हैं जो जिलों में कानून-व्यवस्था को चुस्त रखने के लिए तेज-तर्रार अफसरों में माने जाते हैं। इधर, मुख्यालय स्तर पर भी कई एडीजी के कामों में परिवर्तन होना तय है। मुख्यालय स्तर पर प्रबंध समेत पुलिस फायर ब्रिगेड शाखा में मुखिया के पद रिक्त चल रहे हैं, जबकि जबलपुर जोन के एडीजी उमेश जोगा को हटाने के लिए हाईकोर्ट द्वारा पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं।

### दो साल से पदस्थ अफसरों का बदला जाना तय

लगभग दो साल या इससे ज्यादा समय से जिलों में तैनात पुलिस अधीक्षकों का बदलना तय माना जा रहा है। सूत्रों की माने तो तबादला सूची में डिंडौरी, अशोकनगर, मंडला और शिवपुरी जिले शामिल हैं। इसी तरह से सीधी, बुरहानपुर समेत अन्य जिलों में भी बदलाव होना संभावित है। इसी तरह से पुलिस जांच में लापरवाही पाए जाने पर हाईकोर्ट द्वारा छिंदवाड़ा एसपी विवेक कुमार अग्रवाल को हटाने के लिए भी कहा जा चुका हे , जिसकी वजह से उनका बदला जाना भी तय है। यह बात अलग है की अग्रवाल सीबीआइ में जाने की मंशा रखते हैं। इसी तरह से नरसिंहपुर एसपी रॉ में जाना चाहते हैं। उधर सीधी में पत्रकारों से बदसलूकी मामले में एसपी पर तबादला की गाज के बाद एसपी बदलने की कही जा रही है।

### लोकायुक्त डीजी की होगी पदस्थापना

लोकायुक्त संगठन के मौजूदा डीजी आरके टंडन 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। वे वहां पर एक फरवरी 2021 से यहां पदस्थ हैं। इस पद के लिए भी कई दावेदार जोर आजमाइश करने में लगे हुए हैं। इनमें वर्तमान एसटीएफ एडीजी विपिन माहेश्वरी, सीआइडी एडीजी जीपी सिंह और चंबल जोन के एडीजी राजेश चावला के नाम शामिल हैं। माहेश्वरी को भी एसटीएफ में दो साल से ज्यादा हो चुके हैं। हालांकि लोकायुक्त डीजी के लिए स्पेशल डीजी और पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के चेयरमैन कैलाश मकवाना और ईओडब्ल्यू के प्रभारी डीजी अजय कुमार शर्मा का नाम भी चर्चा में बना हुआ है। यहां बता दें, इस साल स्पेशल डीजी के दो पद रिक्त हो रहे हैं। वरिष्ठता सूची में अजय कुमार शर्मा और दूरसंचार एडीजी संजय कुमार झा का नाम इस पद के लिए है। एसएएफ स्पेशल डीजी मिलिंद कानस्कर इसी साल अगस्त में सेवानिवृत्त होंगे।

### चुनाव आयोग ने लिखा पत्र

नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव के मद्देनजर चुनाव आयोग ने मुख्यसचिव इकबाल सिंह बैंस को पत्र लिखकर लगातार तीन साल से एक स्थान पर जमें अधिकारियों व कर्मचारियों को हटाने के निर्देश दिए हैं। यह प्रक्रिया आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले पूरा करने को कहा गया है। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने बताया कि सरकार को पत्र लिखकर कहा है कि चुनाव कार्यों को प्रभावित करने वाले उन अधिकारियों व कर्मचारियों को हटाया जाए। जिनकी पदस्थापना चार में तीन साल एक जिले में है और जिनकी गृह जिले में पदस्थापना है। पत्र में कहा गया है कि एक जिले में लगातार तीन से पदस्थ राजस्व अधिकारियों, जनपद व जिला पंचायत के सीईओ, एसपी, एएसपी, सीएसपी, एसडीओपी व टीआई, नगर परिषद से सीएमओ, नगर निगम के आयुक्त, अपर आयुक्त व उपायुक्त व अन्य अधिकारियों को स्थानांतरित किया जाए। निर्वाचन आयोग के इस नोटिस के बाद प्रदेश के 15 हजार से ज्यादा अफसरों और कर्मचारियों के ट्रांसफर किए जाएंगे। इसके तहत डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, सीईओ, जिला पंचायत, सीएमओ, नगर निगम कमिश्नर, डिप्टी कमिश्नर समेत दूसरे वरिष्ठ अधिकारियों के ट्रांसफर की प्रक्रिया संबंधित विभागों ने शुरू कर दी है। इस प्रक्रिया के तहत 52 जिलों में पदस्थ 15,000 से ज्यादा अधिकारी कर्मचारियों के ट्रांसफर किए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ट्रांसफर के निर्देश दिये हैं।

सीएम ने मंदसौर और झाबुआ के कलेक्टर व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली

# नल-जल योजना भविष्य के लिए बेहतर बनाएं जलाभिषेक अभियान में लें जनसहयोग : शिवराज









**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इन दिनों रोज सुबह सुबह साढ़े छह बजे दो-दो जिलों के कलेक्टरों व प्रशासनिक अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए चर्चा कर शासन की योजनाओं की प्रगति के बारे में फीडबैक ले रहे हैं। इसी सिलसिले में आज उन्होंने सीएम आवास से मंदसौर और झाबुआ जिले के कलेक्टर व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों व से वीसी के माध्यम से संवाद किया। बैठक में स्थानीय विधायक सहित मंत्री हरदीप सिंह डंग एवं जगदीश देवड़ा भी जुड़े। तकरीबन ढाई घंटे तक चली इस मैराथन वर्चुअल बैठक में सीएम ने दोनों जिलों में चल रही योजनाओं के बारे में अधिकारियों से चर्चा की और उन्हें जरूरी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने पहले मंदसौर जिले की समीक्षा की और अधिकारियों से अभी पेयजल की स्थिति के बारे में पूछा। मंदसौर कलेक्टर ने उन्हें बताया पेयजल की स्थिति संतोषजनक है। कहीं संकट नहीं है। नए बोर प्रतिबंधित है। कुछ एक स्थानों पर मांग के अनुसार परिवहन किया जा रहा है पेयजल का। नलजल के तहत 192 प्रोजेक्ट काम कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि जहां नलजल योजनाएं बेहतर नहीं चल रही, उनका रिव्यू कराएंगे। नलजल योजनाएं भविष्य के लिये बेहतर बनें। जनता का पैसा है इसका सही उपयोग होना चाहिए। अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर चर्चा करें। सीतामऊ नलजल योजना के संबंध में शिकायत आने पर मुख्यमंत्री ने कंपनी को पेमेंट ना करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि जलाभिषेक अभियान में जनसहयोग लें। हमको जनता को एकजुट करना चाहिए। पानी को बचाएं नहीं तो भविष्य में बड़ा जलसंकट का सामना करना पड़ेगा।

### अन्न उत्सव रस्म बनकर ना रहे

सीएम ने मंदसौर के अधिकारियों से राशन वितरण के संदर्भ में भी जानकारी ली और कहा कि 7 तारीख का अन्न उत्सव रस्म बनकर ना रहे। अनाज वितरण में मंदसौर को बेहतर व्यवस्था के लिए बधाई देता हूँ।

### अमृत सरोवर गांव के लिए भी प्रेरणा स्थल बनें

अमृत सरोवर को लेकर सीएम ने कहा कि अमृत सरोवर ऐसे बनें कि यह गांव के लिए भी प्रेरणा स्थल बन जाये। 15 अगस्त, 26 जनवरी पर झंडावंदन हो। हम ऐसा प्रयास करें कि मॉडल बने। इस कार्यक्रम से लोगों को जोड़ें। जब तक जनता का मन ना जुड़े सफलता नहीं मिलती।

### पीएम आवास योजना में अपात्रों को ना जोड़ें

सीएम ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बारे में भी पूछा। इस पर उन्हें बताया गया कि प्रथम चरण में 39 हज़ार स्वीकृत हुए थे जो बन गए हैं। सीएम ने कहा कि अपात्रों को ना जोड़ें। अगर जोड़े गए हैं तो उन पर कारवाई करें। पीएम आवास योजना ग्रामीण में 98 प्रतिशत आवास पूरे हुए। शहरी आवास का प्रतिशत कम है, इसको तेजी से पूरे करें। मंदसौर जिले को आइडियल बना सकते हैं। आवास प्लस में 8 हज़ार की प्रथम क़िस्त जारी की जा चुकी हैं। निचले स्तर पर आवास स्वीकृत हेतु भ्रष्टाचार की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करें। हम कोशिश करें कि जो जायज लोग छूटे हैं उनकी प्रमाणिकता के साथ सूची बनाएं। जिनके घर बन रहे हैं। सबके लिए एक साथ सामान उपलब्ध कराने की कोशिश करें ताकि उनकी कीमत कम हो सके। इस दिशा में मंदसौर मॉडल बने।

# महाविद्यालय मेहगांव में Cow इकोनॉमी विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार संपन्न

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

**मेहगांव।** डॉ. प्रियंका सिंह बिसेन से प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23.05.2022 शासकीय महाविद्यालय मेहगांव में ष्ब्प्2 इकोनॉमी ÷ विषय पर , ग्रंथपाल डॉ. प्रियंका सिंह बिसेन द्वारा छात्रों में गौ के उत्पादों से जुड़े अनेक व्यवसाय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया 7 जिसमें मुख्य वक्ता डा. वल्लभ भाई कथिरिया (रूस. शल्य चिकित्सा, पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रीय कामधेनु आयोग,

पूर्व मंत्री भारत सरकार) द्वारा विषय सम्बंधी विभिन्न पहलुओ पर जानकारी प्रदान की गयी । कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर. के. डबरिया जी, प्रो. अनुग्रह दत्त शर्मा, प्रो. राधा कृष्ण शर्मा, प्रो. दुर्गेश गुप्ता, डॉ. हर्षद मिश्रा, प्रो. सुनील बंसल , प्रो. आलोक मिश्रा, प्रो. शिवप्रकाश नरवरिया, प्रो. वंदना श्रीवास्तव, प्रो. पुरुषोत्तम सिंह तोमर, श्री पूरन लाल, श्री पूरन सिंह, श्री रमेश कुमार शर्मा , श्री सुशील चौधरी एव शैलेन्द्र रमन मौजूद रहे 7




# टैक्स रिटर्न जमा करते समय बतानी होगी विदेशी संपत्ति और शेयर की जानकारी

**भोपाल।** अब इनकम टैक्स जमा करते हुए करदाताओं को विदेशी संपत्ति और शेयर की जानकारी सहित कई तरह की जानकारियां देनी होगी। इसके लिए इनकम टैक्स विभाग ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए अनिवार्य प्रावधान किया है। यह प्रावधान असेसमेंट ईयर 2022-23 यानी वित्तीय वर्ष 2021-22 से संबंधित स्थानीय करदाताओं के सारे रिटर्न में जरूरी है। इसका असर इंदौर के उन सभी करदाताओं पर भी पड़ेगा, जिन्होंने विदेशी शेयर ब्रोकिंग एप के माध्यम से विदेशी कंपनियों के शेयर लिए हैं।

नए प्रावधान के अनुसार पिछले वित्तीय वर्ष में करदाताओं द्वारा की गई विदेशी संपत्ति के लेनदेन की जानकारी, इनकम टैक्स रिटर्न के माध्यम से करदाताओं को डिटेल में देना अनिवार्य है। अप्रैल से रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है, जिसमें इस बार से संपत्ति बेचने से जुड़ी पूरी जानकारी करदाता को देना होगी। पहले जहां शेयर और अन्य विदेशी संपत्ति कब खरीदी गई, यह बताना जरूरी नहीं था, वहीं अब तारीख के साथ यह अनिवार्य हो गया है।

### जानकारी नहीं देने पर लग सकती है पेनल्टी

ऐसे करदाता, जिनकी व्यापार से आय नहीं है और ग्रॉस कुल आय 50 लाख से कम है, उनको अपने रिटर्न में बैलेंस शीट या असेट और लायबिलिटी की जानकारी दर्शाना अनिवार्य नहीं होता है। नए नियम से उन्हें भी विदेशी संपत्ति और आय की सारी जानकारी रिटर्न में दर्शाना होगी। ऐसा नहीं किया तो विभाग मानेगा कि रिटर्न इनवेलिड या ऐसा रिटर्न कभी फाइल ही नहीं किया है। करदाता पर पेनल्टी भी लग सकती है।

# थॉमस कप जीतकर घर लौटे प्रियांशु राजावत के स्वागत में उमड़ा पूरा शहर



धार। धार का बैडमिंटन खिलाडी प्रियांशु राजावत आज अपने घर धार लौट आया. वो थॉमस कप जीतकर बैडमिंटन इतिहास में नयी इबारत लिखने वाली भारतीय टीम का सदस्य था. टीम ने हाल ही में पहली बार थॉमस कप जीता है. धार लौटने पर प्रियांशु का ढोल ढमाकों के साथ स्वागत किया गया। धार के बैडमिंटन खिलाडी प्रियांशु राजावत ने धार सहित भारत का नाम रोशन किया है. उन्होंने थॉमस कप में भारतीय टीम मे शामिल होकर गोल्ड कप हासिल किया है. गोल्ड कप जीतने के बाद वो पहली बार धार पहुंचे। खेल प्रेमियों, समाजसेवियों और आम लोगों ने उनका गर्मजोशी से जमकर स्वागत

### शहर में निकला विजय जुलूस

भारतीय खेल प्राधिकरण में उनका फूलमालाओं से स्वागत किया गया. उसके बाद प्रियांशु राजावत को वहां से जीप में सवार कर पूरे शहर मे रैली निकाली गई. जगह जगह शहर के प्रमुख चौराहों पर खेलप्रेमी लोगों ने प्रियांशु का फूलमालाओं से स्वागत किया. इस दौरान प्रियांशु के साथ उनके बैडमिंटन के कोच सुधीर वर्मा व परिजन भी मौजूद थे।

चाइल्ड राइट्स एंड यू की ताजा रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# प्रदेश में लड़कों से ज्यादा गुम हो रही लड़कियां

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में लडकों के मुकाबले लडकियां ज्यादा गुम हो रही है। लड़कों से पांच गुना ज्यादा लड़कियां गुम हो रही हैं। यह खुलासा चाइल्ड राइट्स एंड यू (क्राई) की गुमशुदा बच्चों की जारी स्टेटस रिपोर्ट ऑन मिसिंग चिल्ड्रन में हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में प्रतिदिन 29 बच्चों के गुमशुदा होने के मामले दर्ज होते है। उत्तर भारत के चार बड़े राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली में साल 2021 में बच्चों की गुमशुदगी के मामलों में खासी बढ़ोत्तरी हुई है। अंतरराष्ट्रीय गुमशुदा बाल दिवस 25 मई के मद्देनजर जारी हुई रिपोर्ट के अनुसार मप्र में साल 2021 में 10648 बच्चे लापता हुए। जबकि मप्र में बच्चों की गुमशुदगी की 8751 रिपोर्ट दर्ज हुई। यह आंकड़े एनसीआरबी 2020 के है। वहीं सूचना के अधिकार के जवाब में राज्य सरकार से मिली जानकारी के अनुसार यह आंकड़ा बढ़कर 10648 हो गया।

# दोस्त की हत्या कर घर में ही गाड़ दिया शव सिर और धड़ अलग-अलग किए दफन

**भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र के 11 नंबर साईं बाबा नगर में मंगलवार तड़के उस समय सनसनी फैल गई, जब पुलिस ने एक घर के अंदर से युवक की लाश बरामद की। लाश की शिनाख्त पुलिस ने कर ली है। मृतक पुताई का काम करता था और आठ माह से गायब था। पुलिस को शुरुआती जांच में हत्या का कारण प्रेम त्रिकोण नजर आ रहा है। पुलिस ने इस मामले में हबीबगंज इलाके के बदमाश बबलू उर्फ शमशेर और उसकी प्रेमिका को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

हबीबगंज पुलिस के मुताबिक टीटी नगर इलाके में रहने वाला शिवदत्त भालेराव उर्फ शिवा अक्टूबर 2021 में अपने घर से लापता हो गया था। वह पुताई का काम करता था। काफी तलाश करने के बाद उसका कहीं पर पता नहीं चला तो पुलिस में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। आरोपित शमशेर से उसकी दोस्ती थी। दोनों अक्सर शराब साथ में ही पीते थे, लेकिन उस समय कोई जानकारी नहीं मिली थी।

### शराब के नशे में मुंह से निकला शिवा का नाम

सोमवार देर रात आसपास के लोगों से बबलू उर्फ शमशेर का विवाद हो गया था। वह शराब के नशे में था, इस दौरान उसके मुंह से निकल गया कि उसने शिवा की हत्या कर घर में गाड दिया था। इसकी शिकायत करने पडोसी हबीबगंज थाने पहुंचे। जहां पर पुलिस ने रात में बबलू उर्फ शमशेर के घर पर पहुंचकर उससे पूछताछ की तो उसने हत्या करना कबूल कर लिया। पुलिस ने उसके मकान की खोदाई कराई तो उसमें शिवा का शव मिल गया। आरोपित ने उसका धड और सिर काटकर अलग-अलग दफनाया था। पुलिस ने शव को हमीदिया अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

बिना लाइसेंस उपयोग किया गया या मनोरंजन के लिए नचवाया तो एफआईआर दर्ज की जाएगी

# बारात में घोड़ी-ऊंट नचवाना पड़ेगा महंगा, एनिमल वेलफेयर बोर्ड से लेना होगा लाइसेंस



भोपाल। बारात या किसी समारोह में अब घोड़ी व ऊंट को नचवाना अब आसान नहीं होगा। इसके लिए संबंधित घोड़ी या ऊंट पालक को एनिमल वेलफेयर बोर्ड से लाइसेंस लेना होगा। अगर बिना लाइसेंस इन पशुओं का उपयोग किया गया या मनोरंजन के लिए नचवाया तो उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। बिना लाइसेंस के जानवरों को नचवाने पर पशु क्रूरता अधिनियम 1969 की धारा 11, आईपीसी की धारा 428 429 के तहत केस दर्ज किया जाता है। इसमें दोष सिद्ध होने पर दो साल तक की सजा और जुर्माना दोनों हो सकते हैं। दरअसल, पशु क्रूरता के खिलाफ पहले भी आवाज उठती रही है। इस बीच दो साल के कोरोना काल में विवाह समारोह, बरात, जुलूस, शोभायात्रा आदि पर प्रतिबंध था जिसके चलते इनका उपयोग नहीं हुआ लेकिन कोरोना संक्रमण कम होते ही जब धीरे-धीरे सभी मामलों में छूट मिल गई तो समारोह-जुलूस निकलने लगे।

### भीषण गर्मी में ऐसे दी जा रही थी पीड़ा

पशु-पक्षियों के हितों में काम करने वाली मेनका गांधी की संस्था पीपल्स फॉर एनिमल की टीम इसे लेकर लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। इसमें देखने में आया कि हाल ही में एक समाज ने रेस कोर्स रोड पर एक जुलूस निकाला जिसमें ऊंट का उपयोग किया गया। इसमें ऊंट की नाक में रस्सी डालकर उसे उसके पैर में सेट किया गया था। इससे पैर उठाते पर रस्सी खींचते ही ऊंट डांस करने लगता था। संस्था ने उक्त वीडियो बना लिया। इससे अलावा कुछेक मामले ऐसे देखे गए जिसमें भीषण गर्मी में बैलगाडी पर क्षमता से ज्यादा माल रखा जा रहा था जिससे बैलों की हालत खराब थी।

### 11 से 3 बजे तक बैलगाडी के उपयोग पर रोक

पीपल्स फॉर एनिमल की अध्यक्ष प्रियांशु जैन ने बताया कि टीम ने इसे लेकर पर्याप्त सबूत एकत्रित किए हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में कलेक्टर ने एक आदेश जारी किया है जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि गर्मी के सीजन में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक बैलगाडी का उपयोग नहीं होगा। इसके बावजूद इनका उपयोग किया जा रहा है। ऐसे ही घोड़ी, ऊंट या किसी भी तरह के जानवर को व्यवसायिक या मनोरंजन के तौर पर उसका उपयोग करने के लिए मनोरंजन पशु नियम 1993 के तहत एनिमल वेलफेयर बोर्ड (फरीदाबाद) से लाइसेंस लेना अनिवार्य है।

# बेल्जियम से लौटा ग्वालियर का 6 सदस्यीय डेलीगेशन, ग्वालियर एवं ल्यूबिन के दो-दो श्रेष्ठ इनक्यूबेशन का कराएंगे समन्वय




ग्वालियर। यूरोपियन शहरों की तर्ज पर ग्वालियर का विकास करने के लिए इंटरनेशनल अरबन कार्पोरेशन द्वारा ग्वालियर शहर का विकास बेल्जियम की ल्यूबिन सिटी के साथ समन्वय बनाकर दोनों शहरों के अच्छे कार्यों को एक दूसरे शहरों में प्रारंभ कराया जाएगा तथा शहर के दो श्रेष्ठ इनक्यूबेशन स्टार्टअप एवं ल्यूबिन के दो श्रेष्ठ इनक्यूबेशन स्टार्टअप को एक दूसरे के समन्वय से और बेहतर बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने बेल्जियम से लौटने पर दी।

उल्लेखनीय है कि ग्वालियर से 4 सदस्यीय दल बेल्जियम के ल्यूविन शहर में अध्ययन के लिए गया हुआ था। जिसमें निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सैना, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल एवं स्थानीय कॉर्डीनेटर श्री शिशिर श्रीवास्तव शामिल थे। उक्त डेलीगेशन आज स्वदेश लौट आया है, बेल्जियम से लौटने पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि आगामी सप्ताह में एक सेमीनार आयोजित कर ग्वालियर में स्टार्टअप कल्चर बनाने के लिए संस्थानों,स्मार्ट सिटी इनक्यूबेशन ट्रिपल आईटीएम इनक्यूबेशन, चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं ग्वालियर की स्टार्टअप्स के साथ चर्चा कर शहर के दो श्रेष्ठ इनक्यूबेशन स्टार्टअप एवं ल्यूबिन के दो श्रेष्ठ इनक्यूबेशन स्टार्टअप को एक दूसरे के समन्वय से और बेहतर बनाने के लिए कार्य किया जाएगा।

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने बताया कि दल द्वारा ल्यूबिन में वाटर मैनेजमेंट का अवलोकन किया तथा ल्यूबिन के मेयर एवं यूरोपियन कमीशन के साथ चर्चा हुई तथा यूरोपियन शहरों की तर्ज पर ग्वालियर का विकास करने के लिए इंटरनेशनल अरबन कार्पोरेशन द्वारा देश के 14 शहरों का चयन किया गया है, जिसमें ग्वालियर भी शामिल है। जिसमें ग्वालियर शहर का विकास बेल्जियम की ल्यूबिन सिटी के साथ समन्वय बनाकर दोनों शहरों के अच्छे कार्यों को एक दूसरे शहरों में प्रारंभ कराया जाएगा। इसके साथ ही शहर के स्टार्टअप एवं ल्यूबिन के स्टार्टअप को एक दूसरे के समन्वय से और बेहतर बनाने एवं इनक्यूबेशन सेवाएं और समर्थन के लिए प्रमोट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्रोग्राम 2023 तक चलेगा जिसमें विभिन्न स्तरों पर दोना सिटी आपस में एक्साचेन्ज प्रोग्राम चलाएंगी। इसके साथ ही अपन-अपनी बेस्ट प्रेक्टिसिस का आपस में आदान प्रदान करेगीं।

# लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला का विमानतल पर आत्मीय स्वागत




ग्वालियर। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला अल्प प्रवास पर ग्वालियर विमानतल पधारे। विमानतल पर उनका आत्मीय स्वागत हुआ। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला विमान द्वारा दिल्ली से राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल पधारे। उनके साथ मेरठ के लोकसभा सांसद श्री राजेन्द्र अग्रवाल भी थे। ग्वालियर विमानतल पर क्षेत्रीय सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, प्रदेश मंत्री भाजपा श्री मदन कुशवाह, जिला महामंत्री श्री राजू सेंगर, जिला महामंत्री श्री हरीश मेवाफरोश, जिला महामंत्री श्री विनोद शर्मा, उपाध्यक्ष श्री दीपक शर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारियों ने उनका पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विमानतल पर एडीएम श्री इच्छित ग?पाले सहित प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला कुछ देर रूकने के पश्चात स?क मार्ग से मुरैना जिले के लिये रवाना हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### अपर आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश

ग्वालियर। आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई के तहत आज नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त श्री मुकुल गुप्ता व उपायुक्त डा प्रदीप श्रीवास्तव ने आमजनों की समस्याएं सुनी तथा उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजनों ने विभिन्न वार्डों में मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को लेकर अपने आवेदन दिए जिनपर सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को आवेदन प्रेषित किए गए। जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई आदि से संबंधित लगभग 38 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश उपायुक्त ने दिए। जनसुनवाई के दौरान विभागाधिकारी उपस्थित रहे।

### मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिये शहर के विभिन्न वार्डों में किया फोगिंग

ग्वालियर। संक्रामक बीमारियों एवं मच्छरों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में फागिंग एवं कीटनाशक दवाओं का छि?काव कराया जा रहा है। जिसके तहत आज मंगलवार को विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छि?काव एवं फॉगिंग कराई गई। स्वास्थ्य अधिकारी डॉ वैभव श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभारी नगर निगम आयुक्त श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर शहर के सभी वार्ड की गलियों एवं मोहल्ला में निरंतर साफ-सफाई एवं फॉगिंग का कार्य कराया जा रहा है। जिसके तहत वार्ड 63 स्थित जलालपुर, हजीरा, बजरिया, दीनदयाल नगर, समाधिया कॉलोनी, ठाठीपुर, शताब्दीपुरम, आदित्यपुरम, महाराज बाडा, गुडा गुडी का नाका, अजयपुर, वीरपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में फोगिंग कार्य किया गया। इसके साथ ही शहर के अन्य भागों में भी कीटनाशक दवाओं का छि?काव कराया गया।

### प्रशासन ने हनुमान बाँध से हटाया अतिक्रमण

ग्वालियर। उच्च न्यायालय खण्डपीठ ग्वालियर द्वारा पारित आदेश के परिपालन मंय जिला प्रशासन द्वारा लश्कर शहर के हनुमान नगर हनुमान बांध के पास से शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। अतिक्रमण लगभग एक बीघा भूमि से हटाया गया। जिसका बाजार मूल्य एक करोड़ 67 लाख रूपए से अधिक है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अनिल बनवारिया के नेतृत्व में हनुमान बांध के पास से भूमि सर्वे क्रमांक 1063 रकबा 0.125 नजूल सर्वे शासकीय भूमि पर अच्छे खाँ पुत्र रहीस खाँ द्वारा एक हजार वर्ग फुट पर टीनशेड डालकर अतिक्रमण किया गया था। इसके साथ ही बल्लू खटीक पुत्र जवाहर द्वारा 1250 वर्ग फुट पर मकान बनाकर, रामनारायण उपाध्याय द्वारा 300 वर्ग फुट में टीनशेड, सोनू भदौरिया द्वारा 240 वर्गफुट पर अतिक्रमण किया गया था। जिसको राजस्व एवं पुलिस अमले द्वारा मुक्त कराया गया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री बनवारिया ने अतिक्रामक अच्छे खाँ के परिवार को गृहस्थी के सामान के लिए एक किराए का मकान उपलब्ध कराया, जिसका एक माह का किराया भी मानवीय आधार पर प्रदान किया।

### हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र के शिल्पियों व बुनकरों से 31 मई तक आवेदन मांगे

**कौशल एवं तकनीकी विकास योजना के तहत मिलेगी मदद**

ग्वालियर । हथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र में कार्यरत जिले के बुनकर, शिल्पी, बुनकर समितियाँ, स्व-सहायता समूह इत्यादि को विभाग की कौशल एवं तकनीक विकास योजना के तहत लाभान्वित कराया जाना है। इसके लिये 31 मई तक जीडीए के सामने स्थित सहायक संचालक जिला हाथकरघा कार्यालय में आवेदन जमा किए जा सकते हैं। सहायक संचालक जिला हाथकरघा से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत तीन वर्षों से हाथकरघा एवं हस्तशिल्प के माध्यम से स्वयं का व्यापार व व्यवसाय कर रहे हितग्राही इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिये जिला हाथकरघा कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### ऊर्जा मंत्री श्री तोमर आज उपनगर ग्वालियर में 2 करोड 77 लाख रूपये के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन

ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर बुधवार 25 मई 2022 को उपनगर ग्वालियर में 02 करो? 77 लाख रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन करेगें। इसके साथ ही भोपाल से ग्वलियर आगमन पर सुबह 5 बजे लक्ष्मण तलैया क्षेत्र में भ्रमण कर पेयजल व साफ सफाई व्यवस्था देखेगें। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा वार्ड 4 श्मशान के बगल से चंद्रनगर में प्रातः 9 बजे 98 लाख 72 हजार रूपये की लागत से चंद्रनगर श्मशान रोड पर डामरीकरण कार्य, वार्ड 3 में 100 फुटा रोड प्रदीप वर्मा के मकान के पास विनय नगर में प्रातः 10 बजे 96 लाख रूपये की लागत से विनय नगर सेक्टर 2 एवं 4 में डामरीकरण रोड तथा प्रातः 10:30 बजे 24 लाख 73 हजार रूपये की लागत से फोर्ट व्यू कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन करेगें।

# ग्वालियर पुलिस की चिटफंडियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही

### ग्वालियर पुलिस ने पैसा डबल करने के नाम चिटफंड कंपनी चलाने वाले ईनामी बदमाश को किया गिरफ्तार



ग्वालियर। ग्वालियर पुलिस द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे* के निर्देश पर चिटफंडियों तथा धोखाध?ी करने वाले बदमाशों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना ठाटीपुर एवं विश्वविद्यालय के चिटफण्ड के प्रकरणों में फरार दो हजार रूपये के ईनामी बदमाश को ग्राम रावतपुरा जिला भिण्ड में देखा गया है। उक्त सूचना पर से एसएसपी ग्वालियर द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-पूर्व/अपराध श्री राजेश डण्डौतिया एवं अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-दक्षिण श्रीमती मृगाखी डेका,भापुसे को थाना विश्वविद्यालय, ठाटीपुर पुलिस बल एवं क्राईम ब्रांच की टीम बनाकर मुखबिर सूचना की तस्दीक करते हुए उक्त ईनामी बदमाश की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के परिपालन नगर पुलिस अधीक्षक मुरार श्री ऋषिकेश मीणा,भापुसे, उप पुलिस अधीक्षक अपराध श्री रत्नेश सिंह तोमर एवं श्री विजय भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 दामोदर गुप्ता, थाना प्रभारी ठाटीपुर निरी0 पंकज त्यागी एवं थाना प्रभारी विश्वविद्यालय निरी0 संतोष मिश्रा द्वारा क्राईम ब्रांच तथा थाना बल की संयुक्त टीम गठित कर उसे मुखबिर के बताये स्थान पर भेजा गया। पुलिस टीम ने ग्राम रावतपुरा जिला भिण्ड स्थित एक मकान की घेराबंदी करके उक्त ईनामी बदमाश को धरदबोचा। पक? गये ईनामी बदमाश से प्रकरणों के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर चिटफण्ड कंपनी के नाम पर पैसा डबल करने का झांसा देने की बारदात करना स्वीकार किया गया। उक्त ईनामी बदमाश की गिरफ्तारी पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर द्वारा 02 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। उक्त आरोपी को पुलिस टीम द्वारा थाना ठाटीपुर एवं विश्वविद्यालय के धारा 420 भादवि एवं 3(1)(2)(4) म0प्र0 निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2000 एवं 45-एस/58बी(5-ए) आरबीआई एक्ट के प्रकरण में गिरफ्तार किया जाकर आरोपी से उसके फरार साथियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

ज्ञात हो कि वर्ष 2011 में पुलिस द्वारा थाना ठाटीपुर एवं विश्वविद्यालय में ''जीवन सुरभी डेयरी एंड एलाइड'' के संचालकों के विरूद्ध बिना रिर्जव बैंक में रजिस्ट्रेशन के हितग्राहियों को मिथ्या प्रलोभन देकर उनको धन लाभ दिलाने के नाम पर उनसे रूपयों की ठगी करने की शिकायत एवं जिलाधीश ग्वालियर के द्वारा दिये गये पत्र के आधार पर धारा 420 भादवि एवं 3(1)(2)(4) म0प्र0 निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2000 एवं 45-एस/58बी(5-ए) आरबीआई एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया था। उक्त प्रकरण के आरोपीगण घटना दिनांक से ही फरार चल रहे थे।

**सराहनीय भूमिकाः**

उक्त आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी क्राईम ब्रांच निरी0 दामोदर गुप्ता, थाना प्रभारी ठाटीपुर निरी0 पंकज त्यागी, थाना प्रभारी विश्वविद्यालय निरी0 संतोष मिश्रा, उनि0 नितिन छिल्लर, सउनि दिनेश सिंह तोमर, प्रआर0 मनोज एस0, अजय शर्मा, आर0 विकास सिंह, पवन झा, राहुल यादव, रामवीर सगर, देवव्रत तोमर एवं म0आर0 राखी बैस की सराहनीय भूमिका रही।

## खुशियों की दास्तां

# बलवंत बोले मेरा व्यवसाय अब खूब फल-फूल रहा है




ग्वालियर। वैश्विक महामारी कोरोना ने जब पाँव पसारे तो बलवंत का भी काम धंधा जाता रहा। जब लॉकडाउन हटा तो सभी के जीवन की गाड़ी धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगी। पर बलवंत के पास थोड़ी बहुत जमा पूँजी थी, वह खर्च हो चुकी थी। अब उनके सामने चुनौती थी कि वे अपने काम धंधे को कैसे फिर से खड़ा करें। ऐसे में प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना उनके लिये वरदान बनकर सामने आई। ग्वालियर शहर के खल्लासीपुरा निवासी श्री बलवंत सिंह कुशवाह बताते हैं कि हम अपने काम धंधे को लेकर बहुत परेशान थे। कहीं से कोई आसरा नहीं दिख रहा था। ऐसे में मुझे पता चला कि सरकार ने हम जैसे शहरी पथ विक्रेताओं की मदद के लिये प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना शुरू की है। मैंने भी नगर निगम के कर्मचारियों के सहयोग से अपना फार्म भर दिया। जल्द ही बैंक के माध्यम से मुझे 20 हजार रूपए का ऋण मिल गया। बलवंत का कहना है कि हमने पीएम स्व-निधि योजना के तहत मिले ऋण से अपना चाट ठेला फिर से लगाना शुरू कर दिया। अब मेरा यह व्यवसाय सरपट दौड़ने लगा है, जिससे अच्छी-खासी आमदनी हो जाती है। घर का खर्चा चलाने के साथ-साथ हम अब अपने बच्चों की पड़ाई का इंतजाम भी आसानी से कर लेते हैं। वे बताते हैं कि मेरा बेटा अभिजीत 10वीं कक्षा में और बिटिया आकांक्षा बीए की पड़ाई कर रही थी। मुझे उम्मीद है कि मेरे दोनों बच्चे अब निश्चित ही अपने सपने पूरे कर पायेंगे।

# रोटरी गवर्नर कर्नल महेंद्र मिश्रा की आधिकारिक यात्रा संपन्न



ग्वालियर। रोटरी क्लब ऑफ धार सेंट्रल के तत्वाधान में यहां स्थानीय होटल केवल श्री मैं रोटेरियन गवर्नर कर्नल महेंद्र मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में तथा आर आई श्री अरविंद दांगी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ.!

उनका आगमन क्लब की गतिविधियों के अवलोकनार्थ था !आपने रोटरी क्लब धार सेंट्रल द्वारा वर्ष भर विभिन्न क्षेत्रों में संस्था द्वारा की गई सेवाओं का अवलोकन किया ! एवं अपने प्रभावी उद्बोधन में क्लब की खुले दिल से तारीफ की !

कार्यक्रम का प्रारंभ गवर्नर महेंद्र मिश्रा एवं आर आई श्री अरविंद दांगी संस्थापक अध्यक्ष अरुण वर्मा रोटरी अध्यक्ष संग्राम सिंह सचिव डॉ प्रमिला सिसोदिया तथा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष माननीय रोटेरियन ममता जोशी ने दीप प्रज्वलन कर किया !!

रोटरी चतुर्वेद मंत्र का वाचन क्लब की सदस्य रोटेरियन डॉक्टर स्नेहा गांधी ने किया !

इसके उपरांत क्लब की सदस्य संगीतकार प्रिया शर्मा डॉ स्नेह गांधी एवं सचिव डॉ प्रमिला सिसोदिया ने खूबसूरत स्वागत गीत की प्रस्तुति की ! रोटरी सचिव डॉ प्रमिला सिसोदिया ने वर्ष भर की गई गतिविधियों का ब्यावरा बहुत ही क्रम से एवं प्रभाव शील तरीके से प्रस्तुत किया ! इसके पश्चात अध्यक्ष संग्राम सिंह ने अपने स्वागत भाषण में कर्नल महेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ ओं के सहयोग के लिए धन्यवाद एवं आभार प्रस्तुत किया ! संस्थापक अध्यक्ष रोटेरियन अरुण वर्मा ने भविष्य में की जाने वाली गतिविधियों एवं सेवाओं के विषय में बताया आपने कहा कि पूर्व में कोविड-19 में हमने कई वैक्सीनेशन के कई कैंप किए हॉस्पिटल में भी हमने ऑक्सीजन कंसंट्रेटर एवं अन्य साधन उपलब्ध कराएं भविष्य में भी हमारे पास ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की मशीनें उपलब्ध हैं ! गौशाला में भी क्लब सदस्यों द्वारा जानवरों को उठाने की मशीन दी गई है भोज कन्या हाई स्कूल में भी 50 इंची कलर टीवी एवं ई लर्निंग प्रोजेक्ट दिया गया है सरस्वती शिशु मंदिर में भी सैनिटाइजर की मशीनें दी गई है आगे इस शहर को हमारा लक्ष्य कार्डियक एंबुलेंस वैन देने का है !

रोटरी गवर्नर कर्नल महेंद्र मिश्रा ने खुले दिल से तारीफ करते हुए अपने प्रेरणा प्रद्युत बोधन में सदस्य वृद्धि पर जोर दिया एवं टीआरएफ फंड में वृद्धि के लिए आग्रह किया ! जिससे रोटरी समाज के प्रति और अधिक प्रभाव स्टील तरीके से कार्य कर सकें !! कार्यक्रम में रोटरी परिवार के सदस्य एवं पदाधिकारी रोटेरियन पूर्व असिस्टेंट गवर्नर डॉ प्रदीप पाल प्रोफ़ेसर कविता पाल प्रोफेसर बीडी श्रीवास्तव प्रोफेसर अलका श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष रोटेरियन प्रोफेसर गजेंद्र उज्जैन कर डॉ शशांक पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रोटेरियन ममता जोशी इंजीनियर ध्रुव जोशी रोटेरियन इंजीनियर अर्जुन जाट रोटेरियन डॉ ऋषि तिवारी पूर्व अध्यक्ष एवं निर्वाचित सहायक मंडल अध्यक्षा अलका वर्मा राजवंश वर्मा रोटेरियन इंजीनियर श्रियांशी पाल प्रियांशी पाल स्नेहा गांधी रवि गांधी डॉक्टर चारू गुप्ता रोटेरियन आकाश चौधरी पूर्व अध्यक्ष सचिन बाफना पूर्व सहायक मंडल अध्यक्ष उमेश शर्मा अर्पित जयसवाल रोटेरियन प्रिया शर्मा आदि रोटेरियन उपस्थित थे !




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478